
हरिभूमि
# रायपुर भूमि





हरिभूमि सरोकार

## भट्ठी में फूंका 100 किलो से ज्यादा गांजा, अफीम डोडा, हजारों नशीली टेबलेट, सिरप भी नष्ट

राजधानी रायपुर के डीसीपी सेंट्रल जोन-मध्य जोन में एनडीपीएस एक्ट के 38 प्रकरणों में लाखों रुपए कीमत की जब्त किया गया अफीम, डोडा, गांजा सहित नशीली सिरप एवं टेबलेट-कैप्सूल को पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को नष्टीकरण करने की कार्यवाही की गई।

### नष्टीकरण की गई नशीली चीजों की मात्रा

| | प्रकरण | जब्त मात्रा |
|---|---|---|
| गांजा | 14 | 113.589 किलोग्राम |
| अफीम | 1 | 2.006 किलोग्राम |
| डोडा | 1 | 2.430 किलोग्राम |
| कैप्सूल-टेबलेट | 9 | 11516 |
| कफ सिरप | 13 | 22425 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस कमिश्नर रायपुर डॉ. संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रकरणों में जब्त की गई नशीली चीजों का नष्टीकरण की कार्यवाही पुलिस उपायुक्त (मध्य जोन) उमेश



प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति ने किया। जयसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पावर प्लांट-1 स्थित ब्लास्ट फर्नेस में नशीली चीजों को डालकर उसे नष्ट किया। इस कार्यवाही में जब्त नशीली सिरप को अलग से जेसीबी मशीन के माध्यम से नष्ट किया। इस दौरान ▶▶|शेष पेज 13 पर



### डेढ़ माह पूर्व 5.65 करोड़ रुपए की नशीली चीजों को किया था नष्टीकरण

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सेंट्रल जोन ने 16 मई 2026 को भी एनडीपीएस एक्ट के 97 प्रकरणों में जब्त की गई लगभग 5.65 करोड़ कीमत के नशीली चीजों को नष्टीकरण किया था।

### ऑटोनॉमस सहित शासकीय व निजी महाविद्यालयों के कटऑफ जारी

## साइंस कॉलेज में कटऑफ 90% पार छग कॉलेज में गणित 67% पर बंद

### दुर्गा में बीबीए 85% पर लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों सहित जिले के ऑटोनॉमस कॉलेजों में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। हर बार की तरह साइंस कॉलेज का क्रेज बरकरार है। वहीं छत्तीसगढ़ कॉलेज तथा डिग्री गर्ल्स कॉलेज के अधिकतर संकायों में कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक रहे हैं। हालांकि यहां संचालित कला संकाय के कटऑफ गणित व बायो की तुलना में कम रहे हैं। वहीं निजी महाविद्यालयों से बीकॉम की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए दुर्गा महाविद्यालय पहली पसंद बना हुआ है। बीबीए, बीसीए के लिए भी इस बार आवेदन मिले हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश के महाविद्यालयों में अब प्रवेश केंद्रीकृत हो रहे हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए आवेदन छात्रों द्वारा रविवि के पोर्टल में ही किए गए। निर्धारित तिथि के बाद रविवि ने महाविद्यालयों को उन छात्रों की सूची सौंपी, जिन्होंने संबंधित कॉलेज का चुनाव विकल्प के रूप में किया था। रविवि द्वारा महाविद्यालयों को सौंपी गई सूची के आधार पर छात्रों के प्राप्तांकों के अनुसार मेरिट लिस्ट जारी की गई है। वहीं ऑटोनॉमस महाविद्यालयों ने अपने पोर्टल में पृथक रूप से आवेदन मांगे थे, इसलिए उनके द्वारा मेरिट लिस्ट पहले ही जारी कर दी गई थी।



### गणित में स्थिति बेहतर

*शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गणित संकाय को लेकर छात्रों में भय की स्थिति नजर आई थी। विज्ञान महाविद्यालय में भी गणित संकाय की सीटें अंतिम चरण में ही भर सकी थीं। छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में गणित की सीटें रिक्त ही रह गई थीं। इस बार स्थिति पिछले वर्ष से बेहतर है। इसके अलावा कला संकाय में सिविल सर्विस अथवा प्रतियोगी परीक्षा की चाह रखने वाले विद्यार्थी दाखिला ले रहे हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में दाखिले की जुलाई अंत तक दिए जाएंगे। हालांकि सीट रिक्त रहने की स्थिति में कुलपति की विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश का प्रावधान है।*

### कॉमर्स के स्थान पर बीबीए का चुनाव

प्रथम चरण की मेरिट लिस्ट के आधार पर इस बार नया ट्रेंड बीबीए में नजर आ रहा है। बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भी इसके लिए आवेदन किया है। महंत कॉलेज के प्राचार्य व निजी महाविद्यालय संघ के सचिव प्रो.देवाशीष मुखर्जी के अनुसार, बीबीए को लेकर युवाओं में यह धारणा है कि यह मैनेजमेंट कोर्स है। इससे आगे कॉरपोरेट सेक्टर में मदद मिल सकती है। प्लेन कॉमर्स के स्थान पर छात्र इसे प्राथमिकता दे रहे हैं। अधिकतर महाविद्यालयों में बीबीए की सीटें सीमित है। 20 से 40 सीटें ही महाविद्यालयों में हैं। यह भी एक कारण है कि बीबीए की सीटें पहले ही राउंड में भर गईं और कटऑफ भी कॉमर्स से अधिक रहा है।



### कम हुआ गणित का डर

प्रथम चरण में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रूझान दिख रहा है। गणित को लेकर पिछले वर्ष जो भय दिखा था, वो भी कम हुआ है।

- प्रो.अमिताभ बनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### बीए के आवेदन चौंकाने वाले

हमें बीकॉम के लिए थोक में आवेदन मिलते रहे हैं। इस बार बीए के आंकड़ें चौंका रहे हैं। संभवतः सिविल सर्विस के क्रेज को देखते हुए छात्र इसका चुनाव कर रहे हैं।

- प्रो.प्रोतिभा मुखर्जी, प्राचार्य, दुर्गा महाविद्यालय

### जानिए... कहां कैसी स्थिति

- **साइंस कॉलेज**
  - बायो ग्रुप - 92.8%
  - मैथ्स ग्रुप- 93.6%
  - बीसीए- 91.4%
- **डिग्री गर्ल्स कॉलेज**
  - बीएससी बायोटेक्नोलॉजी- 91.6%
  - बीएससी बायो- 84.4%
  - बीएससी (पीसीएम)- 86%
  - बीकॉम- 85.6%
  - बीए- 77.6%
- **छत्तीसगढ़ महाविद्यालय**
  - बीएससी बायो- 80%
  - बीएससी गणित- 67%
  - बीकॉम- 81.4%
  - बीए- 68.6%
- **दुर्गा कॉलेज**
  - बीकॉम- 75.8%
  - बीए- 74.4%
  - बीबीए- 85.4%
  - बीसीए- 83%
- **महंत कॉलेज**
  - बीए- 53%
  - बीकॉम- 61%
  - बीएससी कंप्यूटर साइंस- 61%
  - बीसीए- 70%
  - बीबीए- 62%

*(नोट : उक्त आंकड़े अनारक्षित सीटों के हैं। विभिन्न वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में कटऑफ अपेक्षाकृत कम है।)*

## अटके मानसून से पूरा प्रदेश कवर, तीन जुलाई से रायपुर समेत मध्य में वर्षा का दौर

### चौबीस घंटे में बस्तर और सरगुजा के कई इलाकों में भारी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले पांच दिन से कोरिया के आसपास अटके मानसून ने प्रदेश के पूरे हिस्से को कव्हर कर लिया। मानसून द्रोणिका के साथ तीन सिस्टम के बंगाल की खाड़ी में सक्रिय होने के बाद अब बारिश की गतिविधि बढ़ने के आसार हैं। तीन जुलाई से रायपुर समेत मध्य हिस्से में वर्षा की गतिविधि में इजाफा होने की प्रबल संभावना बन रही है।

- मानसून द्रोणिका समेत तीन सिस्टम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे में मानसून की गतिविधि दिखाई पड़ी है और बस्तर तथा सरगुजा के कुछ इलाकों में भारी बारिश हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई की शुरुआत के साथ प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में बढ़ोतरी होगी। अभी एक ऊपरी हवा का



चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 3 जुलाई को बनने की संभावना है। इसके असर से इस तारीख से रायपुर समेत मध्य क्षेत्र में हल्की से मध्यम और एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने के आसार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इन इलाकों में हुई बारिश

*मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में कुसमी में 9 सेमी., पखांजूर में 7, चंद्रपुर, मर्दापाल, गिधौरी, टुंड्रा में 5-5, शिवरीनारायण, कोटा, दंतेवाड़ा में 4-4, पौडी उपरोरा, गीदम, सामरी, दोरनापाल में 3-3 सेमी. तथा अन्य दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में 2 से एक सेमी. तक बारिश दर्ज की गई है।*

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## कंपनी का अफसर बनकर लग्जरी होटल में 3 दिन रुका, खाया-पीया बिल अदा किए बिना हुआ रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली, मुंबई, पुणे सहित देश के कई बड़े शहरों की तरह अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लग्जरी होटलों में भी ठगी होने लगी है। दूसरे राज्य से आने वाले कुछ लोग किसी बहाने से लग्जरी होटल में ठहरते हैं और फिर होटल के महंगे व्यंजनों का स्वाद लेने के बाद महंगी चीजें चोरी कर फरार हो जाते हैं। एक ऐसा ही मामला लभांडी रायपुर स्थित लग्जरी होटल हयात का सामने आया है। इस होटल में किसी निजी कंपनी का अफसर बनकर ररुका तमिलनाडु का रहने वाला एक व्यक्ति 3 दिनों तक ब्रेक फास्ट, लंच एवं डिनर करता रहा, वहीं चौथे दिन अचानक वह बिल का भुगतान किए बिना रफूचक्कर हो गया। जाते-जाते वह होटल का एक लैपटॉप भी चोरी कर ले गया। इस घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाना में दर्ज कराई गई है।

- होटल हयात में ठगी का मामला आया सामने, जाते-जाते लैपटॉप भी चोरी कर ले गया

### तमिलनाडु का आईडी दिखाकर रुका था व्यक्ति

थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार होटल हयात में 3 दिन पूर्व भीमसेन जॉन 61 वर्ष नामक व्यक्ति जिसने खुद को तमिलनाडु का रहने वाला बताया और एक कमरे की बुकिंग कराई। भीमसेन ने कमरा लेते समय होटल रिसेप्शन में बैठे कर्मचारियों को कंपनी के किसी काम से रायपुर आने की जानकारी दी थी। कमरा देने के दौरान भीमसेन की आईडी की कॉपी भी ली गई थी। होटल में वह 3 दिन तक ठहरा रहा। इस दौरान वह होटल में ही चाय, नाश्ता से लेकर लंच एवं डिनर भी करता रहा, जिसके बिलों का भुगतान उसने कमरा छोड़ने के दिन करने की बात कही थी, लेकिन चौथे दिन अचानक वह होटल के स्टॉफ में किसी को कुछ बताए बगैर चला गया। जब वह नहीं लौटा, तो होटल प्रबंधक ने उसके कमरे की तलाशी ली। उसके कमरे में उसका समान भी गायब था, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आईडी भी फर्जी होने की आशंका

जिस आईडी से भीमसेन होटल में ठहरा हुआ था, वह आईडी सही है या फर्जी है, इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी इससे पूर्व भी मुंबई, दिल्ली, पुणे, हैदराबाद सहित देश के कई बड़े शहरों में इसी प्रकार लग्जरी होटलों में रुक कर ठगी कर चुका है। फिलहाल होटल के सीसीटीवी कैमरे से आरोपी के मिले फूटेज के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

सेल बाजार
Managed by Shubham K Mart Pvt. Ltd.
सुराना भवन, छोटापारा, रायपुर में
माइनर सेकण्ड्स एवं फ्रेश गारमेंट्स Sale
प्रीमियम क्वालिटी ब्रांडेड गर्ल्स टॉप 5पीस ₹199
5 पीस टॉप की कीमत मात्र ₹199
सरप्लस एवं माईनर सेकण्ड्स
चूड़ीदार एवं गर्ल्स बॉटम लेगिंग्स/प्लाजो 5पीस ₹199
5 पीस चूड़ीदार, बॉटम, लेगिंग्स, प्लाजो की कीमत मात्र ₹299
सरप्लस एवं माईनर सेकण्ड्स
बाजार मूल्य ₹399 से ₹999 प्रति पीस वाली मेन्स टीशर्ट 5पीस ₹299
5 पीस टीशर्ट की कीमत मात्र ₹299
सरप्लस एवं माईनर सेकण्ड्स
बाजार मूल्य ₹800 से ₹1600 प्रति पीस वाली मेन्स शर्ट 4पीस ₹399
5 पीस शर्ट की कीमत मात्र ₹399
सरप्लस एवं माईनर सेकण्ड्स
*condition apply
28 एवं 30 वेस्ट वालों के लिये
बाजार मूल्य ₹499 से ₹1499 प्रति पीस वाली
मेन्स जीन्स 5पीस ₹699 में
सरप्लस एवं माईनर सेकण्ड्स
सेल सीमित समय के लिये सेल की हर आयटम का रेट अपने आप में आकर्षण है अवश्य पधारें...
सुराना भवन, छोटापारा रोड, H.P. गैस एजेंसी के सामने, रायपुर

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

## सेहत भूमि

आपका समर्पण और सेवा निस्संदेह प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर, आपका धन्यवाद और आभार।










डॉक्टरः सेवा, समर्पण और मानवता के सच्चे प्रहरीहर वर्ष 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (National Doctors' Day) मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक, शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी एवं पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिवस उन सभी डॉक्टरों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और अथक परिश्रम से अनगिनत लोगों को नया जीवन दिया है।डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, त्याग, करुणा और मानवता का दूसरा नाम हैं। जब कोई व्यक्ति बीमारी, दर्द या संकट से जूझ रहा होता है, तब डॉक्टर ही उसकी सबसे बड़ी उम्मीद बनते हैं। दिन हो या रात, त्योहार हो या अवकाश, डॉक्टर हर परिस्थिति में मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उनका उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना नहीं, बल्कि मरीज को स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर जीवन देना होता है।कोविड-19 महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने डॉक्टरों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण को करीब से देखा। जब अधिकांश लोग अपने घरों में सुरक्षित थे, तब डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना अस्पतालों में मरीजों की सेवा कर रहे थे। अनेक चिकित्सकों ने अपने परिवार से दूर रहकर समाज की रक्षा की और कई डॉक्टरों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान भी दिया। उनका यह योगदान सदैव याद रखा जाएगा।वर्तमान समय में चिकित्सा विज्ञान ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आधुनिक तकनीकों, उन्नत उपकरणों और नवीन शोधों के माध्यम से आज अनेक जटिल बीमारियों का सफल उपचार संभव हो पाया है। हृदय रोग, कैंसर, किडनी रोग, अंग प्रत्यारोपण, न्यूरोलॉजी और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में भारतीय डॉक्टरों ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इसके पीछे वर्षों की कठिन मेहनत, निरंतर अध्ययन और मरीजों के प्रति समर्पण की भावना छिपी हुई है।एक डॉक्टर केवल दवाइयाँ ही नहीं देता, बल्कि मरीज और उसके परिवार को मानसिक संबल भी प्रदान करता है। उसकी सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और संवेदनशील व्यवहार कई बार दवाइयों से भी अधिक प्रभावी साबित होता है। यही कारण है कि समाज में डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है।आज के समय में लोगों को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, पर्याप्त नींद, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और डॉक्टर की सलाह का पालन कर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉक्टरों का सम्मान तभी सार्थक होगा जब हम उनकी सलाह का पालन करें और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनें।राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल डॉक्टरों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी याद दिलाता है कि स्वस्थ समाज का निर्माण डॉक्टरों और नागरिकों के साझा प्रयासों से ही संभव है। चिकित्सा सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समाज को डॉक्टरों के प्रति विश्वास, सहयोग और सम्मान की भावना बनाए रखनी चाहिए।आज आवश्यकता इस बात की है कि हम चिकित्सकों के योगदान को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि वर्षभर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करें। उनके अथक परिश्रम, सेवा भावना और मानवता के प्रति समर्पण के कारण ही लाखों लोगों के जीवन में नई उम्मीद और नई मुस्कान आती है।इस राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर हम सभी चिकित्सकों को हृदय से नमन करते हैं और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हैं। उनका समर्पण, सेवा और करुणा सदैव समाज को प्रेरित करती रहे।₹डॉक्टर केवल जीवन नहीं बचाते, बल्कि आशा, विश्वास और मुस्कान भी लौटाते हैं। यही उनका सबसे बड़ा योगदान और सबसे बड़ी पहचान है।₹सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।




























## खबर संक्षेप



### आईजीकेवी के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सुनील को दी विदाई

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता सुनील बिजवे मंगलवार को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनके विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर रिष्ठ कर्मचारी नेता अजय शर्मा ने कहा, सुनील बिजवे ने पिछले कई दशकों से कर्मचारी राजनीति में सक्रिय रहकर हर संभव मोर्चे पर कर्मचारियों के अधिकारों की पैरवी की। उनके नेतृत्व में संघ ने कई ऐतिहासिक मुद्दे उठाए और वेतन संबंधी विसंगतियों से लेकर सेवा शर्तों तक, हर स्तर पर कर्मचारियों को मजबूती प्रदान की। उनकी सरलता, दृढ़ संकल्प और संघर्षशीलता ने उन्हें कर्मचारियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाया। सुनील बिजवे ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों का साथ ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी रही और आगे भी वह किसी भी भूमिका में कर्मचारियों के लिए प्रयासरत रहेंगे। विदाई के समय कई कर्मचारी भावुक नजर आए और सभी ने सुनील बिजवे को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## निधन

### सुखराम विश्वकर्मा

**रायपुर।** आनंद विहार कॉलोनी भाठागांव निवासी सुखराम विश्वकर्मा का 30 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 जुलाई को सुबह 9 बजे निवास स्थान से आच्छी तालाब मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील विश्वकर्मा व अनिल विश्वकर्मा के पिता थे।



# मुकेश बनिया ने नशीली चीजों के कारोबार से क्रय की 42 लाख की संपत्ति, अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, हत्या, बलवा, मारपीट, गुंडागर्दी सहित अन्य गंभीर अपराध में शामिल रहा मुकेश बनिया लाखों रुपए की संपत्ति का आसामी भी निकला। उसने यह संपत्ति नशीली चीजों के कारोबार से बनाई है। यह संपत्ति उसने अपने और परिचित लोगों के नाम पर ले रखी थी। रायपुर पुलिस ने आरोपी एवं उससे संबंधित व्यक्तियों के नाम पर लगभग 42 लाख रुपए मूल्य की चल-अचल संपत्तियों का जांच के दौरान पता लगाया है। इस संबंध में सफेमा सक्षम प्राधिकारी मुंबई ने फ्रीजिंग ऑर्डर को कन्फर्म कर दिया है, जिसके बाद बनिया की संपत्ति फ्रीज कर दी गई है।

नशा तस्करों पर पुलिस का दूसरा आर्थिक प्रहार

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुर पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसमें एक नशे के कारोबारी की 42 लाख रुपए की संपत्ति को फ्रीज किया है। इसमें एक मकान एवं तीन वाहन शामिल हैं। इससे पूर्व पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और गांजा तस्कर रवि साहू की 7 करोड़ 66 लाख की चल-अचल संपत्तियों को सीज किया था। रवि ने अपनी पत्नी, मां और बेटे के नाम पर 16 प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें कृषि भूमि, मकान, प्लॉट, भवन और कमर्शियल वाहन शामिल थे।

***वैध आय स्रोत के साक्ष्य पेश करना होगा :*** फ्रीज की गई संपत्तियों को वापस पाने के लिए अब आरोपी को संपत्तियों के वैध आय स्रोत के साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। यदि संपत्तियों का वैध स्रोत साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाते, तो संपत्ति जब्त होगी।

## सफेमा सक्षम प्राधिकारी ने फ्रीजिंग ऑर्डर कन्फर्म किया

### नशे के कारोबार में कई सालों से सक्रिय रहा है आरोपी



रायपुर में नशे का कारोबार करने वालों में रवि साहू की तरह मुकेश बनिया भी सक्रिय रहा है। वह कई साल से गांजा, प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की खरीदी-बिक्री के कारोबार में संलिप्त रहा है। फरवरी 2026 में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 6.119 किलोग्राम गांजा, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, 2400 अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां सहित अन्य सामग्री बरामद की गई थी। इसके पूर्व पुलिस ने आरोपी द्वारा संचालित आधुनिक तकनीक से लैस गांजा हाइडआउट का भी पर्दाफाश किया था।

### प्रस्ताव पर संपत्ति फ्रीज

प्रकरण की विवेचना एवं विस्तृत वित्तीय जांच के दौरान आरोपी का एक आवासीय मकान एवं तीन वाहन को जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख रुपए है। इस संपत्ति को नशे के अवैध कारोबार से अर्जित राशि से खरीदे जाने की आशंका पुलिस ने जताई है। इस आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-F(1) के अंतर्गत फ्रीज किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। सफेमा के आदेश के तहत अब आरोपी का फ्रीज हुआ मकान, वाहन को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना बेचना, हस्तांतरित करना, गिरवी रखना या अन्य किसी अन्य प्रकार से उपयोग करना संभव नहीं होगा।

### आदतन बदमाश, 31 से ज्यादा प्रकरण दर्ज

बनिया नशीली चीजों का कारोबारी के साथ आदतन बदमाश भी है। एनडीपीएस एक्ट के साथ आर्म्स एक्ट, हत्या, बलवा, मारपीट, गुंडागर्दी सहित अन्य कई गंभीर अपराध में वह शामिल रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व से 31 प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं। आरोपी की लगातार आपराधिक गतिविधियों एवं समाज पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए उसके विरुद्ध पूर्व में पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट, 1988 के अंतर्गत डिटेंशन ऑर्डर भी जारी हो चुका है। इसके बाद आरोपी के अवैध आर्थिक नेटवर्क की विस्तृत वित्तीय जांच प्रारंभ की गई।

# भाठापारा बस्ती में पानी निकासी नहीं होने से जलभराव की स्थिति बनेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोरा स्थित भाठापारा बस्ती में एक बिल्डर द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के कारण बस्ती में बारिश के सीजन में जलभराव की स्थिति बन सकती है। इस समस्या की शिकायत मिलने पर महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को इस बस्ती का निरीक्षण किया।

- महापौर ने रुकवाया बाउंड्रीवाल का कार्य

इस दौरान उन्होंने देखा कि बस्ती से गंदा पानी की निकासी वाली जगह पर बिल्डर द्वारा बाउंड्रीवॉल कराया जा रहा था। उन्होंने जोन अधिकारियों को तत्काल यह काम रुकवाने के निर्देश दिए, साथ ही बारिश के बाद पानी निकासी के लिए नाला निर्माण संबंधी योजना तैयार करने के निर्देश दिए। महापौर ने बिल्डर द्वारा क्रय की गई भूमि के दस्तावेजों की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं।

### अब तक जलभराव की स्थिति नहीं हुई

भाठागांव बस्ती के नागरिकों ने महापौर को बताया कि बारिश के सीजन में कभी भी उनकी बस्ती में जलभराव की स्थिति नहीं बनी है। बस्ती का गंदा पानी प्राकृतिक ढलान वाली भूमि के माध्यम से बस्ती से बाहर निकल जाता है, लेकिन इसी ढलान वाली भूमि पर बिल्डर निर्माण कार्य करा रहा है। बिल्डर इस भूमि को क्रय करना बता रहा है। महापौर ने बस्तीवासियों की मांग और उनकी परेशानी को देखते हुए बारिश के सीजनभर बिल्डर को बाउंड्रीवॉल नहीं करने की हिदायत दी है। उन्होंने अधिकारियों को इस भूमि के दस्तावेजों का परीक्षण करने के लिए भी कहा है, ताकि बारिश के बाद जरूरत के अनुसार इस भूमि पर बस्ती से गंदा पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण कराया जा सके।

## एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं डीडी नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर हेपट गिरफ्तार, पिस्टल-जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर एवं मर्डर के प्रयास प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी गौरव हेपट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने अवैध रूप से रखा पिस्टल एवं जिंदा कारतूस भी जब्त किया है। उसके खिलाफ डीडीनगर थाने में धारा 296, 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज है।

- टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

लंबित गंभीर प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला एवं पुलिस उपायुक्त (पश्चिम क्षेत्र) संदीप पटेल ने हत्या के मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर हेपट को जल्द से जल्द तलाश कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश पर एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं डीडी नगर थाना प्रभारी लगातार फरार हेपट को तलाश रहे थे। इस दौरान आरोपी के छिपे रहने के



संभावित कई ठिकानों पर निगरानी भी रखी गई थी।

इसी दौरान टीम को आरोपी के देखे जाने की सूचना मुखबिर से मिली। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर गौरव हेपट 29 वर्ष निवासी बूढ़ापारा रायपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 1 पिस्टल एवं 1 जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पूछताछ पर हथियार एवं कारतूस दोनों का वैध लाइसेंस एवं दस्तावेज आरोपी ने प्रस्तुत नहीं किया।

### कई शहरों में छिपकर रहा था

पूछताछ में हेपट ने पुलिस को बताया कि फरारी के दौरान वह दमन-दीव, बिलासपुर एवं धमतरी में अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रहा है। बताया गया कि फरारी के दौरान आरोपी कुछ परिचित लोगों के यहां भी छिपा हुआ था। पुलिस इसका पता लगा रही है।

### पूर्व में दर्जनों मामले दर्ज

आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध रायपुर के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट, नारकोटिक्स संबंधी अपराधों सहित अन्य मामले पूर्व में पंजीबद्ध हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### भट्टी में फूंका ....

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य जोन) तारकेश्वर पटेल एवं जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे। नष्टीकरण कार्यवाही से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति, एनओसी एवं अन्य आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई थीं। इस तरह नष्टीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया सुरक्षा एवं पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए विधिसम्मत ढंग से संपादित की गई तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित की गई।

### अटके मानसून से .....

बन रहे हैं। मंगलवार को राज्य में बारिश की गतिविधि होती रही। राजधानी में शाम होने के बाद काले बादल छाए, जो बूंदाबांदी के साथ कई इलाकों में रात बरसते रहे।

बादलों की सक्रियता बढ़ने की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है। बुधवार को राज्य के अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने के आसार हैं। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्व में स्थित जिले के साथ बस्तर संभाग के जिले हो सकते हैं। राज्य में वर्षा की गतिविधि अगले 5 दिनों तक लगातार रहने की संभावना है।

### तमिलनाडु का आईडी ....

वहीं होटल का एक लैपटॉप भी गायब मिला। इससे होटल प्रबंधक को समझ में आ गया कि भीमसेन कोई ठग था। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## बिजनेस साइट

### नेशनल डॉक्टर्स डे पर डॉ. कालड़ा करेंगे जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क उपचार

**रायपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रख्यात बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने समाज सेवा की अपनी वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 1 से 7 जुलाई तक निशुल्क ओपीडी एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित करने की घोषणा की है। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा चयनित 10 मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जाएगा। पिछले 36 वर्षों से चिकित्सा सेवा में सक्रिय डॉ. कालड़ा अब तक दो लाख से अधिक सफल सर्जरी कर चुके हैं। इनमें 60 हजार से अधिक निशुल्क सर्जरी तथा 27 हजार से अधिक क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पैलेट ऑपरेशन शामिल हैं। उन्हें डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार, शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान सहित तीन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त है। 90 प्रतिशत बर्न सर्वाइवल रेट हासिल करना भी उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। डॉ. कालड़ा ने कहा कि चिकित्सा सेवा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। शिविर का लाभ लेने के इच्छुक मरीज कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर में संपर्क कर सकते हैं।



### सीआईआई स्टार्टअप कनेक्ट 2026 में नवाचार को मिला मंच




**रायपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) छत्तीसगढ़ ने आई-हब छत्तीसगढ़, यंग इंडियंस रायपुर, सीएसआईडीसी, डिस्ट्रोनिक्स और आईटीएम यूनिवर्सिटी के सहयोग से सीआईआई स्टार्टअप कनेक्ट 2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से 100 से अधिक स्टार्टअप्स, निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, मेंटर्स और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

- 100 से अधिक स्टार्टअप्स शामिल

मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास, नवाचार और उद्योगों के साथ साझेदारी के माध्यम से स्टार्टअप संस्कृति को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। वहीं, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार (आईएफएस) ने नवाचार आधारित उद्यमों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के अध्यक्ष बजरंग गोयल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्टार्टअप्स, उद्योग जगत, निवेशकों और नीति-निर्माताओं के बीच प्रभावी संवाद स्थापित कर नए व्यावसायिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्टार्टअप पिचिंग प्रतियोगिता रही, जिसमें 100 से अधिक स्टार्टअप्स में से चयनित 10 स्टार्टअप्स ने निवेशकों और विशेषज्ञों के समक्ष अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने डॉक्टरों का किया सम्मान




**रायपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने अपने डॉक्टरों को क्लीनिकल उत्कृष्टता, चिकित्सा नैतिकता और मरीजों के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों को अत्याधुनिक तकनीक, विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

क्लिनिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा कि तकनीक चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बना सकती है, लेकिन डॉक्टरों के अनुभव, विवेक और संवेदनशीलता का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों के साथ उनके पेशेवर और व्यक्तिगत कल्याण पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी, डिजिटल हेल्थ, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण और मल्टी-डिसिप्लिनरी केयर मॉडल के माध्यम से मरीजों को सुरक्षित, सटीक और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री साय को दिया 'बीएनआई जोश मेम्बर्स डे 2026' का प्रथम आमंत्रण



**रायपुर।** दुनिया के सबसे बड़े बिजनेस नेटवर्किंग संगठन बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा 19 जुलाई को वीआईपी रोड स्थित बेबीलोन इंटरनेशनल में 'बीएनआई जोश मेम्बर्स डे 2026' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा तथा बिजनेस ग्रोथ, नेतृत्व, नेटवर्किंग और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहेगा। आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु बीएनआई के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे सौजन्य भेंट कर प्रथम औपचारिक निमंत्रण सौंपा। इस दौरान बीएनआई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश बाईस्या, निशांत बाफना, सुमित शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा-नेवरा शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम सिर्वे में एक 35 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के पीछे पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहा घरेलू विवाद और शराब की लत को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिर्वे निवासी मोतीराम वर्मा (35) ड्राइवरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह अत्यधिक शराब पीने का आदी था और इसी बात को लेकर उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार शाम भी उसने शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट की थी, जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई। उपचार के दौरान उसके सिर में टांके भी लगाए गए। घटना के बाद महिला ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर लौट गई। सोमवार को मोतीराम अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। परिजनों ने पहले यह सोचकर उसे नहीं जगाया कि उसने शराब पी रखी होगी और वह सो रहा होगा। लेकिन देर शाम तक कमरे से कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर रोशनदान से झांककर देखा गया तो मोतीराम कमरे के भीतर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मोतीराम वर्मा कुछ समय तक पुलिस विभाग के लिए वाहन चालक के रूप में भी कार्य कर चुका था। मृतक के दो छोटे बच्चे है।

### संगीता शर्मा बनीं कोरबा जिला प्रभारी

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा को पार्टी संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपते हुए महिला मोर्चा का कोरबा जिला प्रभारी नियुक्त किया है।



यह दायित्व संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री तथा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष के निर्देशानुसार दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर संगीता शर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और कोरबा जिले में महिला मोर्चा को अधिक सशक्त, सक्रिय तथा जनसेवा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

### अमरनाथ यात्रा पर श्रद्धालु रवाना

**आरंग।** आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पावन माहौल के बीच 30 जून 2026 को बोल बम कांवड़िया संघ नारा-भानसोज-कुकरा के श्रद्धालु धार्मिक यात्रा के लिए उत्साहपूर्वक रवाना हुए। यात्रा का शुभारंभ नारा स्थित बोल बम मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं भगवान भोलेनाथ के जयघोष के बीच किया गया। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान शिव का पूजन कर सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में धार्मिक यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। बोल बम कांवड़िया संघ के सदस्य इस यात्रा के दौरान पवित्र अमरनाथ धाम में हिमलिंग के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही वे वैष्णो देवी, ज्वाला मां तथा त्रिपुर मां के पवित्र धामों में भी दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे।

**हादसा : सड़क पर चढ़ते समय अनियंत्रित हुआ वाहन, चीख-पुकार सुन दौड़े ग्रामीण**

# खेत से लौट रहे किसान का ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबने से मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम मोहगांव में मंगलवार को एक दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा सामने आया है। यहां खेत की जुताई कर घर लौट रहे एक बुजुर्ग किसान का ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह दब जाने के कारण किसान की मौके पर ही मौत हो गई। इस भीषण दुर्घटना के बाद से पूरे मोहगांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहगांव निवासी डीगर नाथ वर्मा (उम्र 66 वर्ष) पेशे से किसान थे। मंगलवार को वे अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने गए हुए थे। कार्य निपटाकर जब वे ट्रैक्टर से वापस घर लौट रहे थे, तभी खेत से मुख्य पक्की सड़क पर चढ़ते समय ढलान या असंतुलन के कारण ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। डीगर नाथ को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे भारी-भरकम ट्रैक्टर के नीचे आ गए।



**मशक्कत के बाद निकाला शव, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस**

ग्रामीणों ने भारी मशक्कत और सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रैक्टर के नीचे दबे बुजुर्ग किसान को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। घटना की तात्कालिक सूचना तिल्दा-नेवरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद तुरंत अंत्यपरीक्षण के लिए तिल्दा अस्पताल भिजवाया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम की औपचारिकताएं पूरी करने के पश्चात शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल तिल्दा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की बारिकी से जांच कर रही है।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण बड़ी संख्या में दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे।

### बिरोदा व हसदा में दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान


**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग गांवों में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटनाएं सामने आईं। दोनों मामलों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम बिरोदा की है, जहां हुलेश यदु (23 वर्ष), पिता देवलाल यदु, निवासी ग्राम सातपारा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी घटना ग्राम हसदा-2 की है, जहां सालिकराम यादव (65 वर्ष), पिता स्वर्गीय जेठू यादव, ने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभनपुर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस दोनों घटनाओं के हर पहलू की जांच कर रही है।

# ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मवेशी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदिर हसौद

मंदिर हसौद से चंदखुरी मार्ग पर स्थित बहना काड़ी में जहां बिजली विभाग के लापरवाही के चलते क्षेत्र में जान का खतरा बनी हुई है जिसके चलते आज बेजुबान जानवर को अपना जान गवाना पड़ा जोकि 30 जून को बहना काड़ी बस्ती के ट्रांसफॉर्म में बेजुबान जानवर करंट में चिपकने से मौत हो गई तथा उससे पहले चुना पत्थर खदान में एक मजदूर की मौत व दूसरे घटना में काम के दौरान एक मजदूर का करंट के संपर्क में आने से अपने हाथ गंवाना पड़ा जो बिजली विभाग की लापरवाही को दर्शाता था। जहां बारिश के दिन में खुले पड़े बिजली के बॉक्स हम लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

वही ग्रामीणों द्वारा बस्ती में स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने बीते वर्ष सुशासन शिविर पर क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन दिया गया था। उसके पश्चात भी विभाग द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया, जो आज भी खतरा बना हुआ है जहां विभाग व प्रशासन द्वारा बड़ी घटना का प्रतीक्षा कर रहे हैं।



## पेज 11 के शेष...

### भट्टी में फूंका ....

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य जोन) तारकेश्वर पटेल एवं जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे। नष्टीकरण कार्यवाही से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति, एनओसी एवं अन्य आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई थीं। इस तरह नष्टीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया सुरक्षा एवं पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए विधिसम्मत ढंग से संपादित की गई तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित की गई।

### अटके मानसून से .....

बन रहे हैं। मंगलवार को राज्य में बारिश की गतिविधि होती रही। राजधानी में शाम होने के बाद काले बादल छाए, जो बूंदाबांदी के साथ कई इलाकों में रात बरसते रहे। बादलों की सक्रियता बढ़ने की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है। बुधवार को राज्य के अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने के आसार हैं। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्व में स्थित जिले के साथ बस्तर संभाग के जिले हो सकते हैं। राज्य में वर्षा की गतिविधि अगले 5 दिनों तक लगातार रहने की संभावना है।

### तमिलनाडु का आईडी ....

वहीं होटल का एक लैपटॉप भी गायब मिला। इससे होटल प्रबंधक को समझ में आ गया कि भीमसेन कोई ठग था। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# आरंग तहसील 10 दिनों से प्रभारी के भरोसे: छुट्टी पर गईं तहसीलदार, ठप पड़े आय, राजस्व के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

आरंग तहसील पिछले 10 दिनों से नियमित तहसीलदार के बिना संचालित हो रही है, जिससे राजस्व कार्यों की रफ्तार थम सी गई है। इसका सीधा असर किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है, जिन्हें अपने जरूरी कार्यों के लिए बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार तहसीलदार ज्योति मासियारे ने कुछ कारणों से एक माह के अवकाश का आवेदन एसडीएम को सौंपकर छुट्टी ली है। एसडीएम द्वारा इसकी जानकारी जिला प्रशासन को भी दे दी गई, लेकिन अब तक किसी अन्य अधिकारी को तहसीलदार का प्रभार नहीं सौंपा गया है। परिणामस्वरूप राजस्व संबंधी अनेक महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं। तहसील कार्यालय में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी हो रही है। विद्यार्थियों को प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर नहीं मिल पा रहे हैं, वहीं किसानों के भूमि संबंधी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दूर-दराज के गांवों से आने के बावजूद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते किसी अधिकारी को प्रभार सौंप दिया जाता, तो आम जनता को इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरंग तहसील में शीघ्र वैकल्पिक प्रभार की व्यवस्था अथवा नियमित तहसीलदार की पदस्थापना सुनिश्चित की जाए, ताकि लंबित राजस्व कार्यों का शीघ्र निराकरण हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।




# स्कूलों में सफाई के निर्देश

**आरंग।** मानसून के मद्देनजर विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग ने विकासखंड के सभी शासकीय विद्यालयों में बरसात पूर्व साफ-सफाई कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी कर सभी प्राचार्यों, प्रधान पाठकों एवं संकुल स्त्रोत केंद्र समन्वयकों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वर्षा ऋतु के दौरान विद्यालयों की छतों, नालियों एवं परिसर में कचरा जमा होने से जल निकासी बाधित हो जाती है, जिससे परिसर में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। इससे विद्यालय भवन को नुकसान पहुंचने के साथ ही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शाला प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विद्यालयों की छत, नालियों तथा पूरे परिसर की बरसात से पूर्व साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। साथ ही किए गए कार्य का पालन प्रतिवेदन भी अनिवार्य रूप से कार्यालय को भेजें। उल्लेखनीय है कि यह निर्देश जनपद पंचायत आरंग की स्वच्छता स्थायी समिति के सभापति अमर राजेन्द्र माण्डले के पत्र तथा शासन से समय-समय पर प्राप्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में जारी किए गए हैं।



### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर ने कर्नाटक राज्यपाल से की सौजन्य भेंट



**अभनपुर।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के रायपुर स्थित निवास पर कर्नाटक राज्यपाल थावर चंद गहलोत से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच सामाजिक सरोकारों, जनहित से जुड़े विषयों तथा समसामयिक मुद्दों पर आत्मीय वातावरण में चर्चा हुई। विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करते हुए समाजहित में सकारात्मक पहल और जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर भी संवाद हुआ। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने राज्यपाल श्री गहलोत का अभिनंदन करते हुए उनके लंबे सार्वजनिक जीवन, प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा में दिए गए योगदान की सराहना की।

# तरपोंगी में मनाया जा रहा सहकारिता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा तरपोंगी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में ध्वजारोहण कर इस विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहदा, खैरखूँट, सांकरा, भूमिया, सरोरा और भुरसुदा की सहकारी समितियों में गरिमामय ढंग से हुआ। इस दौरान उपस्थित जनों को सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने की शपथ दिलाई गई। खैरखूंट समिति में प्राधिकृत अधिकारी रोमलाल साहू के नेतृत्व में ध्वजारोहण संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने सहकारिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा। सहकारिता के माध्यम से ही हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हो सकते हैं। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान, मृदा परीक्षण और कृषक संगोष्ठियों का आयोजन। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों को सीधे किसानों से जोड़ना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का चौमुखी आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर समिति प्रबंधक श्रीचंद निर्मलकर, खैरखूंट सरपंच यशोदा साहू, सगुनी सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, सुंगेरा सरपंच तारण दास साहू, उप सरपंच शिव सेन, संपत लाल साहू, अमर सिंह साहू, रिखीराम साहू, दिलीप निषाद, भरत वर्मा, सीताराम साहू, रतनचंद निषाद उपस्थित थे।



**संकुल केंद्र खौली में गरिमामय माहौल में मनाया प्रवेश उत्सव**

# शिक्षा भविष्य निर्माण की पहली सीढ़ी : वतन चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार संकुल केंद्र खौली में जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि शिक्षा भविष्य निर्माण की प्रथम सीढ़ी है। इससे हमें संस्कार और नैतिक मूल्यों की प्राप्ति होती है, जो स्वस्थ समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संकुल समन्वयक उगेश कुमार साहू ने समस्त पात्र विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने पर जोर दिया और उन्हें कठिन परिश्रम कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने हेतु प्रेरित किया। संकुल प्राचार्य श्रद्धा तिवारी ने शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन के लिए समस्त शाला परिवार को बधाई दी तथा कार्यक्रम में पधारे नागरिकों का आभार व्यक्त किया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के निवर्तमान अध्यक्ष शिव कुमार चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश कुमार चंद्राकर, रामानुज चंद्राकर, नारायण प्रसाद चंद्राकर, होरीलाल चंद्राकर, शोभाराम चंद्राकर, समारु राम साहू, तेजस्वी चंद्राकर सहित संकुल अंतर्गत समस्त संस्थाओं के संस्था प्रमुख एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तुलेंद्र कुमार पटेल, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला खौली ने किया।





# अब 43 तरह के कारोबार के लिए निकायों से नहीं लेना होगा ट्रेड लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी प्रशासनिक राहत देते हुए नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में संचालित 43 प्रकार के व्यापार और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थानीय निकायों से ट्रेड लाइसेंस (व्यापार अनुज्ञप्ति) लेने और उसका नवीनीकरण कराने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका (व्यापार अनुज्ञापन) नियम, 2025 में संशोधन कर नया प्रावधान जोड़ा गया है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह लाइसेंस मुक्त व्यवस्था नहीं होगी। संबंधित व्यवसायों को अपने क्षेत्र से जुड़े अन्य कानूनों के तहत आवश्यक लाइसेंस या पंजीयन पहले की तरह अनिवार्य रूप से रखना होगा। साथ ही स्थानीय निकायों को निर्धारित पंजीयन शुल्क भी देना पड़ेगा।

## क्या बदलाव हुआ है

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किए गए इस संशोधन के अनुसार नियम-17 के बाद नया नियम-18 जोड़ा गया है। इसके तहत नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में सूचीबद्ध व्यवसायों को अब व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने या उसका नवीनीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी।यह संशोधन व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब व्यापारियों को एक ही काम के लिए नगर निकाय से अलग ट्रेड लाइसेंस लेने की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, यदि उनके पास संबंधित नियामक संस्था का वैध लाइसेंस या पंजीयन मौजूद है।

राज्य सरकार ने व्यापार अनुज्ञापन नियमों में किया संशोधन




## किन व्यवसायों को मिलेगा लाभ

नई व्यवस्था का लाभ 43 श्रेणियों के व्यवसायों को मिलेगा। इनमें प्रमुख रूप से—खुदरा एवं थोक दुकानें किराना और राशन दुकानें, फल एवं सब्जी विक्रेता, डेयरी उत्पाद विक्रेता, बेकरी मिठाई दुकानें रेस्टोरेंट एवं भोजनालय कैटरिंग और क्लाउड किचन मांस, मछली और पोल्ट्री व्यवसाय पैकेज्ड फूड एवं पेयजल इकाइयां होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउस सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स आईटी एवं सॉफ्टवेयर कंपनियां गोदाम और लॉजिस्टिक्स ई-कॉमर्स, फुलफिलमेंट सेंटर बैंक एवं बीमा कार्यालय कोचिंग संस्थान जिम एवं फिटनेस सेंटर, ब्यूटी पार्लर एवं सैलून, मेडिकल स्टोर,अस्पताल, फैक्ट्री एवं औद्योगिक इकाइयां जैसे प्रतिष्ठान शामिल हैं।

## किन लाइसेंसों की रहेगी अनिवार्यता

ट्रेड लाइसेंस खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि व्यवसाय बिना किसी अनुमति के संचालित होंगे। विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि संबंधित व्यवसायों को अपने क्षेत्र के अनुसार वैध लाइसेंस या पंजीयन रखना अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए दुकानों के लिए दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत पंजीयन। खाद्य कारोबार के लिए एफएसएसएआई का लाइसेंस या पंजीयन। मेडिकल स्टोर के लिए औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत ड्रग लाइसेंस। फैक्ट्रियों के लिए फैक्ट्री अधिनियम अथवा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता के तहत आवश्यक अनुमति।

## पंजीयन शुल्क फिर भी देना होगा

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ट्रेड लाइसेंस की बाध्यता हटने के बावजूद संबंधित व्यवसायों को नगर निकायों को नियम-5 के अनुसार निर्धारित पंजीयन शुल्क देना होगा। यानी लाइसेंस की प्रक्रिया समाप्त होगी, लेकिन स्थानीय निकायों के राजस्व का स्रोत पूरी तरह खत्म नहीं होगा।

## घटेगी कागजी प्रक्रिया

जानकारों के अनुसार इससे व्यवसाय शुरू करने और संचालित करने की प्रक्रिया सरल होगी। पहले व्यापारियों को एक ही प्रतिष्ठान के लिए नगर निकाय का ट्रेड लाइसेंस, एफएसएसएआई, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, ड्रग लाइसेंस या अन्य विभागीय अनुमति जैसी कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। अब नगर निकाय के ट्रेड लाइसेंस की अलग व्यवस्था समाप्त होने से अनुपालन का बोझ कम होगा और कारोबार शुरू करने में लगने वाला समय तथा कागजी प्रक्रिया घटेगी।

---

## खबर संक्षेप



### श्यामबिहारी ने किया कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के लिए संचालित सहयोग केन्द्र में मंगलवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानन्द उपासने मौजूद थे।

### कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर 'बिग बॉस' का घर था: भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कांग्रेस के 10 दिनों तक चले कथित प्रशिक्षण शिविर को लेकर कहा, कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर बिग बॉस का घर था जहां पर सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार की चाकरी और सेवा करने का प्रशिक्षण दिया गया है। श्री चिमनानी ने कहा, राहुल गांधी, जिन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी प्रशिक्षण शब्द का मतलब तक नहीं समझा, वे खुद कार्यकर्ताओं को ज्ञान बांटने आ गए।

### विस्थापन के बिना बेदखली मौलिक अधिकारों का हनन

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने ग्राम नकटी, जिला रायपुर में वर्षों से निवासरत गरीब ग्रामीणों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेदखल किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का पहला और अंतिम उद्देश्य गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों का विकास एवं कल्याण होना चाहिए, न कि उनके सिर से छत छीनकर उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर करना।

### दिल्ली की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति छग में भी लागू करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार की कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रभावी एवं जनहितैषी ईवी नीति लागू करने का आग्रह किया है। नई ईवी नीति के अंतर्गत 30 लाख तक की इलेक्ट्रिक कारों पर रोड टैक्स एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क में पूरी छूट, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खरीद पर पहले वर्ष 30,000 तक की सब्सिडी तथा राज्यभर में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के व्यापक विस्तार का प्रावधान किया है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती विजय लक्ष्मी टोडर पति-भूषण लाल टोडर ने विक्रेता भारत साहू पिता - आनंद राम साहू, निवासी भाठापारा, मिलन किराना स्टोर्स, देवपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की आबादी / नजूल मकान जो कि, मौजा- देवपुरी, म. नं-101, मिलन किराना स्टोर्स, भाठापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका क्षेत्रफल - 2600 वर्गफुट, प्रॉपटी यू.आई.डी. नं- RPR651L00044 को क्रय कर विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण प्राप्त किया जा चुका है कोई भी राशि शेष नही है ।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में नामांतरण करवाने के लिये स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-

भवदीय
श्रीमती रेखा बघेल (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय
रायपुर (छ.ग.) मो. नं. - 7869320934

---

भूपेश बोले- सरकार ने गरीबों पर बुलडोजर चलाकर दिखाई अपनी ताकत

# नकटी में कांग्रेस ने प्रभावित परिवारों का सुना दर्द, बैज बोले- किसी का मकान तोड़कर विधायकों का घर नहीं बनना चाहिए

नकटी गांव में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मंगलवार को प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने मुलाकात कर लोगों की पीड़ा को सुना और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की कड़ी निंदा की।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



*कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने परिवारों से घर टूटने की घटना के समय मौके पर नहीं पहुंच पाने पर माफी मांगी। उन्होंने कहा, रात को करीब 10.30 बजे जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने पप्पू बंजारे को मौके पर भेजा था। पूरे इलाके को भारी पुलिस बल ने घेर रखा था। कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में इस मुद्दे को उठाया गया था। उन्होंने प्रभावित परिवारों से कहा, उनके घर टूटने का दुख कांग्रेस पार्टी को भी है और वह इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ी है। श्री बैज ने कहा, कांग्रेस प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करती है। घर टूट गया तो क्या हुआ, घर दोबारा बनेगा, कांग्रेस आपके साथ हर लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विधायक और अधिकारियों के लिए आवास बनाने की तैयारी कर रही है, लेकिन इसके लिए गरीबों के घर उजाड़ना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, किसी का घर तोड़कर विधायक का घर नहीं बनना चाहिए।*

### राजनीति करने नहीं आए हैं आप जिसे चाहें वोट दें : बैज

दीपक बैज ने कहा, यहां कांग्रेस राजनीति करने नहीं आई है, बल्कि प्रभावित लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में किसी का घर नहीं तोड़ा गया। उन्होंने कहा, 13 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में कांग्रेस नकटी गांव का मुद्दा प्रमुखता से उठाएगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर और राज्यपाल से भी मुलाकात करेगा। समाधान नहीं निकला, तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने भाजपा विधायक अनुज शर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर निशाना साधते हुए कहा, वह चाहते तो यह कार्रवाई रुक सकती थी। बैज ने कहा, दोनों जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा जाना चाहिए कि प्रभावित परिवारों के घर क्यों नहीं बचाए गए।

### एआईसीसी सचिव तिवारी बोले- कांग्रेस विधायक जमीन न लें

### पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा- यह उनका विवेकाधिकार

ग्राम नकटी में विधायकों के लिए कॉलोनी बनाने 10 एकड़ से अधिक जमीन पर अतिक्रमण हटाने जिला प्रशासन ने गरीबों का मकान तोड़ा। कांग्रेस ने जिला प्रशासन की कार्रवाई को विरोध किया है। जिस जमीन को विधायक कॉलोनी के लिए मुक्त किया गया है, उसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी ने बयान दिया है कि गरीबों का आशियाना उजाड़ कर विधायक कॉलानी बनायी जा रही है, वहां पर नकटी में कांग्रेस विधायकों को जमीन नहीं लेना चाहिए। वहीं पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से मामले में संगठन का रुख जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कहा, यह विधायकों पर निर्भर करता है। उन्होंने उनके विवेक पर मामला छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि विधायक कॉलोनी विकसित करने पिछले साल राज्य सरकार ने नकटी ग्राम में विधायक कॉलोनी के लिए लगभग 55 एकड़ शासकीय भूमि का चयन किया था।



### कार्रवाई से आहत बृजमोहन बोले- जल्दबाजी में की गई कार्रवाई

नकटी में हुई कार्रवाई को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बहुत ही आहत हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आश्वासन के बाद इस मामले में जल्दबाजी दिखाना आश्चर्यजनक है। उन्होंने पार्टी के नेताओं को भी नसीहत देते हुए कहा, अनुभवियों की सलाह लेनी चाहिए। ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे सरकार और पार्टी की छवि पर असर पड़े। श्री अग्रवाल ने भोपाल प्रवास के दौरान हरिभूमि के संवाददाता से चर्चा में नकटी मामले में खुलकर बात की। श्री अग्रवाल ने कहा, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्दबाजी में की गई है। मौसम को देखते हुए पहले व्यवस्था करनी जरूरी थी। श्री अग्रवाल ने कहा, सालों से नकटी गांव के लोगों जो अतिरिक्त एरिया में निवास कर रहे थे, मेरी जानकारी में वहां पर विधायक निवास बनाने के लिए उस जगह को चिंहित किया गया है।



### घर उजाड़कर बनने वाले आवासीय कॉलोनी में रहना उचित नहीं : ध्रुव

कांग्रेस के ब्रिन्दानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नव निर्वाचित एवं पूर्व विधायकों के लिए प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के स्थल आबंटन की ओर ध्यान आकर्षित किया है। ग्राम पंचायत नकटी में आबंटित क्षेत्र के आम लोगों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक कॉलोनी निर्माण का विरोध किया जा रहा है। लोगों के विरोध के बावजूद प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना ही भूमि को जबरन बल पूर्व खाली कराया जा रहा है, जिससे व्यक्तिगत रूप से मैं काफी आहत हूं।



सैकड़ों ग्रामीणों का आशियाना उजाड़ कर बनी आवासीय कॉलोनी में रहना मैं उचित नहीं समझता हूं। अतः जनहित प्रशासनिक सुगमता तथा विधायकों की आवास संबंधी व्यवहारिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आपसे विनम्र आग्रह है कि ग्राम पंचायत नकटी के स्थान पर किसी अन्य उपयुक्त सुगम एवं केन्द्रीय स्थल नवा रायपुर पर विधायक कॉलोनी के लिए भूमि आबंटित करने की कृपा करें। उन्होंने इसकी प्रति प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष को भी दी है।

---

# अभियंता संघ ने वरिष्ठ अभियंताओं को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के तीन वरिष्ठ अभियंताओं के सेवानिवृत्त होने पर अभियंता संघ द्वारा आज भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त होने वाले अभियंता कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, सुरेश कुमार चक्रवर्ती एवं संजय शर्मा, अति. मुख्य अभियंता शामिल है। समारोह में अभियंता संघ के पदाधिकारियों ने तीनों वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा कंपनी में किए गए विशिष्ट कार्यों, उनकी कार्यशैली एवं समर्पण भाव को याद किया। संघ द्वारा सभी सेवानिवृत्त अभियंताओं के उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर महासचिव मनोज वर्मा, एम. जामुलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुशील यदु, ओमकार चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता साथी।




---

# वर्षाकाल में वज्रपात का अलर्ट, बचाव के साथ आपात स्थिति में चिकित्सकीय मदद लेने पर जोर

## स्वास्थ्य विभाग ने बताया तरीका, मौसमी चेतावनी पर गंभीर रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्षाकाल में आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट रहने पर जोर दिया है। आपात स्थिति होने पर बचाव और चिकित्सकीय मदद लेने की सलाह दी है। मौसम संबंधी जारी की जाने वाली चेतावनी को गंभीरता से लेने और संकट में फंसने के दौरान बचाव संबंधी उपाय का पालन करने पर जोर दिया है।

जून की शुरुआत के साथ मौसमी तंत्रिका के सक्रिय होने के बाद बादल गरजने और वज्रपात की घटनाएं लगातार बढ़ गई हैं। वज्रपात के कारण कई इलाकों में लोगों की मौत भी हो चुकी है।

जुलाई में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होने की आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आम लोगों को सजग रहने पर जोर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है। थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मौसम खराब होने, बादल गरजने या बिजली चमकने की स्थिति में नागरिकों को खुले मैदान, खेत, पहाड़ी, जलाशय, पेड़ के नीचे तथा ऊंचे स्थानों पर रुकने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी पक्के भवन अथवा बंद चारपहिया वाहन की पनाह लेनी चाहिए। इसके साथ बिजली कड़कने के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्त्रोतों से दूरी बनाए रखने तथा धातु के कृषि उपकरण, लोहे की रॉड, तार अथवा अन्य धातु की वस्तुओं के साथ खुले स्थान पर नहीं रहना चाहिए।




### राज्य अतिथि शिक्षक कल्याण संघ का धरना प्रदर्शन आज

**रायपुर।** राज्य अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) अपनी लंबित मांगों जैसे नियमितीकरण, 12 महीने का वेतन, समान कार्य-समान वेतन और ग्रीष्मकालीन अवकाश का मानदेय के निराकरण के लिए लगातार संघर्षरत हैं। हड़ताल प्रभारी धर्मेंद्र दास वैष्णव और राज यादव ने बताया कि शासन-प्रशासन आज तक हमारी विभिन्न न्यायोचित मांगों एवं समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। बार-बार ज्ञापन, आवेदन, आंदोलन एवं चर्चा के बावजूद शासन एवं विभाग द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों के निराकरण राज्य अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा 1 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।









# 156 उत्कृष्ट खिलाड़ी पात्र, अधिसूचना के लिए जीएडी को भेजी जाएगी सूची

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित समिति के सदस्यों ने वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। इनमें 20 अलग-अलग खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं।

बैठक में अनुमोदित 156 खिलाड़ियों की सूची को सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा।



### 156 खिलाड़ियों को पाया गया पात्र

बैठक में बताया गया कि राज्य में अब तक 182 उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और निर्धारित मानकों के आधार पर 156 खिलाड़ियों को पात्र पाया गया। बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम उपस्थित थीं।

अधिसूचित करने के बाद खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में लेने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ होगी।

राज्य के खिलाड़ी लंबे समय से इस सूची की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद खिलाड़ियों का यह इंतजार जल्द समाप्त हो जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा, प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए पारदर्शी, समयबद्ध और प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पात्रता के अनुरूप उन्हें शासकीय सेवा में नियुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और व्यवस्था की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय भवन में मेजर जनरल सुधीर को मिला अति विशिष्ट सेवा मेडल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और सम्मान का क्षण तब आया, जब प्रदेश के पाटन से जुड़े मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सेना में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, विशिष्ट सेवाओं और राष्ट्र के प्रति असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है। मेजर जनरल श्री शर्मा ने लगभग चार दशकों तक देश की सेवा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वर्तमान में मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक हैं। अति विशिष्ट सेवा मेडल उनके सैन्य जीवन का चौथा प्रमुख राष्ट्रीय सैन्य सम्मान है। इस उपलब्धि पर उन्हें छत्तीसगढ़ के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने बधाई दी है।

### निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर दिया बल



**रायपुर।** भगवान परशुराम चौक विश्रामगृह स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को बेमेतरा राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी की जिला स्तरीय बैठक हुई। प्रदेश सचिव विकासधर दीवान ने 90 विधानसभा में समाज का सशक्त सामाजिक संगठन तथा प्रांतव्यापी सामाजिक जनगणना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को आर्थिक सहयोग के लिए निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर बल दिया। बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष भावेश शर्मा तथा प्रदीप दुबे ने समाज में अंतरजातीय विवाह पर रोक लगाने का सामाजिक नियम बनाने तथा पारिवारिक सम्मेलन आयोजित कर नई पीढ़ी को अधिक से अधिक शामिल करने की पहल करने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता एवं आचार्य बलदेव शास्त्री प्रदेश सचिव विकासधर दीवान, राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, संभागीय महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी की उपस्थिति में हुई बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में डा. शिरीष शर्मा, राजेश दुबे, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, कृपाशंकर त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी, मनोज मिश्रा, विवेकधर दीवान, रीता पांडे, उमा तिवारी, ने अपने विचार व्यक्त किए।

### 16 हजार कोटवारों का धरना-प्रदर्शन आज

**रायपुर।** लंबित मांगों के खिलाफ प्रदेश के लगभग 16 हजार कोटवार एकजुट होकर तहसील स्तर पर एक दिवसीय 1 जुलाई को धरना-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अपनी मांगों के समर्थन में वे दोपहर 3 बजे राजस्व अधिकारी एसडीएम-तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर कोटवार एसासिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष प्रेम किशोर बाघ ने बताया कि कोटवारों की बरसों पुरानी लंबित मांगों के समर्थन में प्रांतीय संघर्ष समिति के आव्हान पर प्रदेश के कोटवार आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं! उन्होंने बताया कि आजादी के 80 वर्ष पूरे होने को है, परंतु कोटवार की स्थिति गुलामों जैसी है। सैकड़ो वर्षों से अंग्रेजों के शासनकाल से कोटवार पीढ़ी दर पीढ़ी शासन प्रशासन एवं आम जनता की सेवा में लगे हैं, परंतु दुर्भाग्य की बात है कि आज तक कोटवार का न तो नियमितीकरण किया गया और न ही शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिल पाया। 50-60 वर्षों तक लगातार सेवा करने के बाद भी न तो ग्रेच्यूटी और न पेंशन की सुविधा, इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोटवारों के लिए कोई योजना नहीं है।

## 6 महीने में महिला कोच से 400 पुरुष पकड़े गए, मंडल में सालभर में 2000 वेंडरों से वसूला लाखों का जुर्माना

# रेलवे नियमों का उल्लंघन पड़ रहा भारी, जुर्माना राशि बढ़ने के बाद 798 यात्रियों से वसूले 6.82 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल और मंडल रेलवे प्रशासन ने तेज की कार्रवाई

भारतीय रेलवे ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में अब नियमों की अनदेखी करने वाले यात्रियों से पहले की तुलना में दोगुना जुर्माना राशि वसूली जा रही है। जुर्माना बढ़ाने के साथ ही पूरे जोन में रेलवे ने जांच और कार्रवाई का अभियान भी काफी तेज कर दिया है। इसका सीधा असर नियम तोड़ने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। सख्त कार्रवाई के साथ रेलवे द्वारा अपने तीनों मंडलों में नए दंड प्रावधानों के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, इतवारी, चांपा, रायगढ़, अनूपपुर और कोरबा सहित सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सुरक्षा बल द्वारा अब तक विभिन्न मामलों में नियम तोड़ने वाले 798 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन यात्रियों से जुर्माने के तौर पर 6.82 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि वसूल की गई है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह सघन जांच और जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### महिला कोच की सुरक्षा के लिए विशेष तैनाती

महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए रेलवे ने ट्रेनों में अलग से आरक्षित कोच निर्धारित किए हैं, लेकिन अक्सर पुरुष यात्री भीड़ का फायदा उठाकर इन कोच में घुस जाते हैं। अब ऐसे पुरुष यात्रियों को कोच से बाहर निकालने और उन पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए प्लेटफार्म पर चार महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है। मंडल और जोन से गुजरने वाली ट्रेनों के महिला कोच की सघन चेकिंग की जा रही है। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महज छह महीने के भीतर ही महिला कोच में सफर करने वाले 400से अधिक पुरुषों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर भी लगातार जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि बीच रास्ते से कोई अनधिकृत व्यक्ति इन आरक्षित डिब्बों में प्रवेश न कर सके।

### अवैध वेंडरों पर आरपीएफ की पैनी नजर

ट्रेनों और स्टेशन परिसर में गंदगी का मुख्य कारण बनने वाले अवैध वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ व रेलवे प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर सीधी कार्रवाई कर रही है। पिछले एक साल के भीतर ही पूरे रेल मंडल में ऐसे 2000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध वेंडरों से लाखों रुपये से अधिक का जुर्माना भी वसूला जा चुका है। अधिकारी बताते हैं कि आमतौर पर ये अवैध वेंडर मुख्य स्टेशनों पर सख्ती देखकर छोटे स्टेशनों से ट्रेनों में चढ़ते हैं। इस चालाकी से निपटने के लिए अब आरपीएफ के जवान सीधे एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल और अन्य कोच में सफर कर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सिर्फ रायपुर रेलवे स्टेशन की ही बात करें तो यहां लगातार अवैध वेंडरों को पकड़कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही साल भर चले अभियान के दौरान लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कई वेंडरों के लाइसेंस भी स्थायी रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और स्कूलों को मिली विकास की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रायपुर पश्चिम में शिक्षा को नई दिशा देने का संकल्प लगातार साकार हो रहा है : मूणत

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की पहल के अंतर्गत पं. रामदयाल तिवारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 मेधावी विद्यार्थियों को 5-5 हजार प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1.50 करोड़ की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा खेल मैदान के विकास के लिए 19 लाख की स्वीकृति की जानकारी भी दी गई। इन कार्यों से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुविधाजनक कक्ष और खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त मैदान उपलब्ध होगा।

इससे पूर्व रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय महोबा बाजार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 22 विद्यार्थियों तथा मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 35 विद्यार्थियों को भी 5-5 हजार के प्रोत्साहन चेक वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली युक्ता मुखी साहू को स्कूटी प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया गया है। अब शेष 7 शालाओं के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन चेक प्रदान किए जाएंगे। इसी क्रम में आगामी 3 जुलाई को पं. गिरजाशंकर विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे।

# सतगुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति रायपुर का दो दिवसीय आयोजित सतगुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सद्गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर में सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकटोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कबीरपंथ के 16वें वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का आगमन हुआ।

इस अवसर वंशाचार्य द्वारा पहली बार कबीरधाम अम्लेश्वर में सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती कराई गई। इस दिव्य आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ सहभागिता कर सद्गुरु कबीर साहेब के सत्य, समता, मानवता एवं सदाचार के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडीवी मिशन नवयुवक मंडल एवं आमीन माता महिला मंडल की ओर से राजधानी रायपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कबीर चौक रामनगर से प्रारंभ होकर तेलघानी नाका होते हुए राजधानी रायपुर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेकाहारा ऑडिटोरियम के लिए प्रस्थान किया। उक्त शोभायात्रा में बस्तरिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी एवं आसपास के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु उपस्थित हुए। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग एवं गुरु वंदना से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में अतिथि रंजना शर्मा, बाबूभाई पटेल, गोपाल भाई पटेल, आशीष वालेचा, भागवत कबीरपंथी, देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों द्वारा संत कबीर की विचारधारा पर सभा को संबोधित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सद्गुरु कबीरदास जी के सिद्धांत को आगे बढ़ाने एवं सेवाकार्य के लिए रायपुर-दुर्ग से आईं 17 समितियों का सम्मान किया गया। यह आयोजन सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडी मिशन, आमीन माता महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल रायपुर-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव छोटूराम साहू एवं माखनलाल साहू ने किया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू, संतोष वर्मा, प्रीतम मानिकपुरी, हीरा साहू, राजकुमार मोंगरे, संतोष साहू, मनोज साहू, नवयुवक मंडल एवं अमीन माता महिला मंडल के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## बिजली बेचने के दाम बढ़े, पर खरीदने के हो गए कम

# सोलर की बिजली अब 2.50 रुपए में नहीं, 1.92 रुपए में खरीदेगी पॉवर कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी नए सत्र में 2.50 रुपए के स्थान पर 1.92 रुपए में खरीदेगी। यही कीमत सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने तय की है। इसी कीमत को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने बिजली नियामक आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा था। इसको आयोग ने मंजूरी दे दी है। एक तरफ जहां सोलर से बिजली खरीदी की कीमत कम हो गई है, वहीं पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए बिजली बेचने के दाम 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ा दिए हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगातार अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। ऐसे में एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। ऐसे में तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली की उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं।

### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

*अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज अब 1.92 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।*

### पॉवर कंपनी की बिजली महंगी

*पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ जुलाई से 4.40 रुपए हो जाएगा। इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.40 रुपए पर 48 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर बिजली की कीमत करीब पांच रुपए यूनिट से ज्यादा हो जाती है, क्योंकि एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। अब यह बात अलग है कि बिजली बिल हॉफ योजना में चार सौ यूनिट तक खपत पर दो सौ यूनिट की खपत का बिल आधा हो जाता है। इसके बाद भी औसत कीमत चार सौ यूनिट की खपत पर करीब पांच रुपए यूनिट हो जाती है। सौ और दो यूनिट की खपत वालों को जरूर कम कीमत लगती है। लेकिन यह कीमत भी सोलर से खरीदी जाने वाली बिजली की कीमत से ज्यादा रहती है।*

## एप्पल का तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख के पार, आईपैड के दाम भी एक लाख तक बढ़े

# लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े, पार्ट्स की कीमत में छह गुना तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कंप्यूटर में लगने वाले पार्ट्स रैम, हार्ड डिस्क के साथ एसएसडी के दाम दो से छह गुना तक बढ़ गए हैं। ऐसा होने के कारण कंप्यूटर और लैपटॉप के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। एप्पल के लैपटॉप के दाम तो एक लाख तक बढ़ गए हैं। तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख का हो गया है। आईपैड के दाम भी दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। अन्य कंपनियों के लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम भी 20 से 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। कंप्यूटरों को असेम्बल करके बेचने वाले कारोबारियों का कारोबार एक तरह से चौपट ही हो गया है, क्योंकि इसके दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसी के साथ रिपेयरिंग का काम भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो गया है। कंप्यूटर पार्ट्स बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई के डाटा सेंटरों के लिए हाई बैडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) और सर्व ग्रेड चिप्स पर दे रही हैं। इसके कारण कंप्यूटर के आम चलन वाले पार्ट्स की कमी हो गई है। मेमोरी चिप के दाम भी डबल हो गए हैं।

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में लैपटॉप और कंप्यूटर बेचने और बनाने का कारोबार करने वाले बड़ी संख्या में हैं। आमतौर पर कई कंपनियों में ब्रांडेड से ज्यादा असेम्बल कंप्यूटर की डिमांड रहती है।

### पार्ट्स के दाम आसमान पर

कंप्यूटर में लगने वाली 8 जीबी की रैम के दाम पहले हजार से 12 सौ रुपए थे, इसके दाम अब 55 सौ रुपए हो गए हैं। यानी दाम चार गुना से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। जिस चार जीबी रैम की ज्यादा मांग नहीं रहती थी और इसके दाम महज तीन सौ रहते थे, इसके दाम छह गुना तक बढ़कर आज 18 सौ रुपए हो गए हैं। हाई डिस्क की बात करें तो 500 जीबी की जो हार्ड डिस्क पहले 11 सौ रुपए की आती थी उसके दाम 25 सौ रुपए हो गए हैं। हजार जीबी की हार्ड डिस्क के दाम तीन हजार से साढ़े छह हजार हो गए हैं। 128 जीबी एसएसडी पहले 800 रुपए में मिलती थी इसके दाम दो हजार, 256 जीबी के दाम 12 सौ से बढ़कर 35 सौ और हजार जीबी के दाम 35 सौ से बढ़कर दस हजार हो गए हैं। मेमोरी चिप की बात करें तो 64 जीपी की मेमोरी चिप के दाम 400 से बढ़कर 900 हो गए हैं।128 जीबी की चिप के दाम 700 से 15 सौ हो गए हैं।

### एप्पल के लैपटॉप और आईपैड के दाम एक लाख तक बढ़े

राजधानी के कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक एप्पल के लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े हैं। मैक बुक प्रो जो पहले 2.99 लाख का था उसके दाम 3.99.900 रुपए हो गए। आई पैड के दाम दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। इसी तरह से एचपी का जो लैपटॉप पहले 31 हजार का था, उसके दाम 47 हजार और 42 हजार वाले के 57 हजार हो गए हैं। सभी कंपनियों ने अपने लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम 20 से 50 फीसदी तक बढ़ा दए हैं।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



डिजाइन फेस्ट में दिखा सस्टेनेबल फैशन...




# जंगल थीम के बीच वनौरा रेस्टोरेंट में मिलेगा दुर्लभ पारंपरिक और पेरिस के लजीज विदेशी स्वाद



- हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने शंकर नगर में किया रेस्टोरेंट का शुभारंभ
- 12 साल के होटल मैनेजमेंट अनुभव और पेरिस से पढ़ाई के बाद वेदांत श्रीवास्तव ने रायपुर में की शुरुआत

**रायपुर।** बदलते समय के साथ जहां एक ओर लोग पारंपरिक व्यंजनों की ओर लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर युवाओं को विदेशी जायके भी खूब भा रहे हैं। खाने के इन्हीं शौकीनों के लिए मंगलवार को राजधानी के शंकर नगर में वनौरा रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए, जिन्होंने फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस खास मौके पर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। इस रेस्टोरेंट की सबसे बड़ी खासियत इसकी वन जंगल थीम है, जो लोगों को लजीज व्यंजनों के साथ-साथ प्रकृति और हरियाली के बीच सुकून का सुखद अहसास कराती है। यहां फूड लवर्स को देश के दुर्लभ पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ विदेशी फूड्स की कई बेहतरीन वैरायटीज चखने को मिलेगी।

### युवाओं को खूब भा रहे नए व्यंजन

रेस्टोरेंट के शुभारंभ के मौके पर बड़ी संख्या में युवा पहुंचे, जिन्हें यहां का नया स्वाद बेहद पसंद आया। इन दिनों युवा हमेशा कुछ नए स्वाद की तलाश में रहते हैं और वनौरा रेस्टोरेंट उनकी इस तलाश को पूरी करता है। यहां पहुंचे युवाओं ने बताया कि किसी व्यंजन को कितने अलग और रचनात्मक तरीके से बनाया और परोसा जा सकता है, यह यहां देखने को मिल रहा है। बेहतरीन स्वाद और शानदार थीम के चलते यह रेस्टोरेंट रायपुर के युवाओं और फूड लवर्स का नया पसंदीदा ठिकाना बन गया है।



### 12 साल का अनुभव, पेरिस से लेकर ताज होटल तक का सफर

रेस्टोरेंट के संचालक वेदांत श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में 12 साल का लंबा अनुभव है। उन्होंने ताज औरंगाबाद में काम किया है और फ्रांस की राजधानी पेरिस से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वेदांत का कहना है कि खुद का रेस्टोरेंट शुरू करना उनका सपना था। उनके इस शानदार अनुभव का सीधा फायदा रायपुर के लोगों को मिलेगा। यहां ग्राहकों को देश के बेहतरीन और सेहत के लिए फायदेमंद व्यंजनों के साथ-साथ पेरिस जैसे विदेशी जायके का हूबहू स्वाद चखने को मिलेगा।

# डिजाइन फेस्ट में दिखा सस्टेनेबल फैशन, युवाओं ने पेश की मॉडर्न लाइफस्टाइल की झलक

## मैट्स यूनिवर्सिटी के डिजाइन फेस्ट में राजस्थानी संस्कृति से लेकर मॉडर्न फैशन तक पेश किए प्रोजेक्ट्स

**रायपुर।** आजकल डिजाइन सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का एक हिस्सा बन चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार को मैट्स यूनिवर्सिटी के मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय 'द डिजाइन फेस्ट 2026' का आगाज हुआ। 29 जून से 1 जुलाई तक चलने वाले इस कलात्मक आयोजन में युवा डिजाइनरों ने अपनी तकनीकी दक्षता और नई सोच से बताया कि आने वाले कल की जीवनशैली को एक नई दिशा देने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शनी के पहले दिन इंटीरियर डिजाइनिंग के छात्रों ने मॉडर्न लिविंग के कॉन्सेप्ट पेश किए, जो सीधे तौर पर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को सुकून से भर सकते हैं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने जापानी स्टाइल के जरिए जापानी ठहराव और स्कैंडिनेवियन सादगी का खूबसूरत रेजिडेंशियल इंटीरियर प्रस्तुत किया। इसमें प्राकृतिक सामग्रियों और मिनिमलिज्म के जरिए एक शांत वातावरण उकेरा गया, जो आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर किसी की चाहत है। वहीं, द्वितीय वर्ष के छात्रों ने 'बायोफिलिक डिजाइन' थीम पर एक अनोखा 'नेचर कैफे' तैयार किया। सस्टेनेबल सामग्रियों से बना यह कैफे प्रकृति और इंसान के बीच के रिश्ते को मजबूत करता है। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी जड़ों से जुड़ते हुए राजस्थानी संस्कृति से प्रेरित एक आकर्षक बुटीक डिजाइन किया, जिसमें न्यूट्रल रंगों और राजस्थानी टेक्सचर का ऐसा संगम था, जो किसी को भी राजसी जीवनशैली का सुखद अहसास करा दे।



### युवा सपनों का एक सशक्त मंच

इस खास मौके पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, डायरेक्टर जनरल प्रियेश पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड और रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए छात्रों के नवाचार की जमकर सराहना की। अतिथियों ने कहा कि द डिजाइन फेस्ट 2026 सिर्फ अकादमिक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह उन युवा सपनों का एक सशक्त मंच है, जो अपनी कल्पनाओं के रंग भरकर हमारी और आपकी लाइफस्टाइल को और भी आधुनिक, सस्टेनेबल तथा खूबसूरत बनाने का माद्दा रखते हैं।



### पारंपरिक ब्राइडल वियर और ग्लैमरस डिजाइनर ड्रेसेस पेश किए

फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने भी अपनी कल्पनाओं के ताने-बाने से सभी को आकर्षित किया। उन्होंने न केवल पारंपरिक ब्राइडल वियर और ग्लैमरस डिजाइनर ड्रेसेस पेश किए, बल्कि अपनी कला को एक सामाजिक उद्देश्य भी दिया। रेड थीम कलेक्शन और ज्योमेट्री कलेक्शन ने जहां मॉडर्न फैशन के नए ट्रेंड्स और कट्स दिखाए, वहीं जल है तो कल है जैसी प्रकृति आधारित थीम ने यह खास संदेश दिया कि आज का फैशन सस्टेनेबल और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। इसके साथ ही, वीविंग और निटवेयर तकनीक से तैयार किए गए विशेष टेक्सटाइल्स ने यह बताया कि पुरानी बुनाई कला को कैसे आज के आधुनिक वार्डरोब का अहम हिस्सा बनाया जा सकता है।

# इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा, सीए शर्मा बने नए अध्यक्ष

**रायपुर।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की 54वीं वार्षिक आमसभा संपन्न हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए अमित चंद्र शर्मा को एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया। सभा के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट निखिल अग्रवाल के शानदार कार्यकाल की सभी सदस्यों और पूर्व अध्यक्षों ने प्रशंसा की। उनके नेतृत्व को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि उनके कार्यकाल में आयोजित अनेक ज्ञानवर्धक तकनीकी सत्रों ने एसोसिएशन की पेशेवर गतिविधियों और प्रतिष्ठा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए अमित चंद्र शर्मा ने वरिष्ठजनों का आभार जताते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाना तथा सदस्यों के पेशेवर विकास के लिए सतत कार्य करना उनकी टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



### इन्हें मिली जिम्मेदारी

इस नई टीम में उपाध्यक्ष प्रथम के रूप में एडवोकेट रविशंकर अग्रवाल और उपाध्यक्ष द्वितीय के रूप में सीए संस्कार अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सीए प्रतीक प्रदीप उमले को सचिव, सीए मयूर जैन को कोषाध्यक्ष, सीए विकास शाह को संयुक्त सचिव प्रथम तथा एडवोकेट नवीन अग्रवाल को संयुक्त सचिव द्वितीय चुना गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में सीए रवि ग्वालानी, सीए पंकज जैन, सीए कल्पना अग्रवाल और सीए कंचन अग्रवाल शामिल हैं। कार्यक्रम में सीए आरबी दोशी, सीए चेतन तारवानी, सीए सिद्धार्थ पारेख, सीए साक्षी गोपाल अग्रवाल, एडवोकेट एसएस प्रजापति और एडवोकेट प्रदीप वर्मा जैसे कई दिग्गज उपस्थित रहे, जिन्होंने नवगठित टीम को अपना मार्गदर्शन व शुभकामनाएं दीं।

# चेयरपर्सन शालू को सीएसआर विजनरी लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड

**रायपुर।** जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल को सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट नेतृत्व और योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'सीएसआर विजनरी लीडर ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली के एयरोसिटी स्थित होटल प्राइड प्लाजा में 'द ब्रेनालिटिक्स' द्वारा हाल ही में आयोजित '7वें भारत सीएसआर एंड सस्टेनेबिलिटी समिट एंड अवार्ड्स 2026' में प्रदान किया गया। यह सम्मान देशभर में विभिन्न समुदायों का जीवन स्तर सुधारने और उनके कल्याण के लिए फाउंडेशन के माध्यम से श्रीमती जिंदल द्वारा किए गए दूरदर्शी और समर्पित प्रयासों की कड़ी में मील का एक पत्थर है।

### सहयोगियों के योगदान को किया याद



उनके मार्गदर्शन में फाउंडेशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, आजीविका, जल और स्वच्छता, ग्रामीण बुनियादी ढांचे, पर्यावरणीय विकास, कला व संस्कृति और सामाजिक उत्थान जैसे कई क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रीमती जिंदल ने इस अवार्ड को फाउंडेशन की सेवा यात्रा से जुड़े सहयोगियों, साझेदारों और टीम के सामूहिक प्रयासों और उनके समर्पण का सम्मान बताया, जो सामाजिक उत्थान के प्रयासों में निरंतर योगदान कर रहे हैं।

बांठिया हॉस्पीटल
राजातालाब रोड़, रायपुर (छ.ग.)
0771-2425009, 2424737




एक ही छत के अंदर सभी सुविधाएं
- हृदय रोगों का सम्पूर्ण ईलाज (एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी)
- एन्डोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी
- आधुनिक ऑपरेशन थियेटर
- कम्प्युटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
- हिमोडायलिसिस व स्पाईरोमेट्री
- 24 घंटे मेडिकल स्टोर्स
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन)
- सोनोग्राफी सुविधा
- एम्बुलेंस की सुविधा
- अस्थि रोगों के सभी ऑपरेशन (घुटना प्रत्यारोपण)
- मस्तिष्क के सभी विकारों का ईलाज

24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे महान सेवा का प्रतीक हैं। वे अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से अनगिनत लोगों को नया जीवन, नई आशा और स्वस्थ भविष्य प्रदान करते हैं। दिन-रात बिना किसी भेदभाव के मरीजों की सेवा करना, कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संवेदनशीलता के साथ उपचार करना वास्तव में प्रेरणादायक है।भारत में प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को महान चिकित्सक एवं भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र राय की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। यह दिन उन सभी चिकित्सकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानकर समाज की सेवा की है।आज के इस विशेष अवसर पर हम सभी डॉक्टरों को उनके अथक परिश्रम, त्याग, करुणा और सेवा-भाव के लिए नमन करते हैं। आपकी निष्ठा और समर्पण ही लाखों परिवारों के जीवन में विश्वास और मुस्कान बनाए रखते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी चिकित्सकों को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सफलता और निरंतर जनसेवा करने की शक्ति प्रदान करें।स्वस्थ समाज का निर्माण, समर्पित चिकित्सकों के अथक प्रयासों से ही संभव है।सभी सम्मानित चिकित्सकों को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**आपका समर्पण और सेवा निस्संदेह प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर, आपका धन्यवाद और आभार।**

श्री कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
KALYAN HOSPITAL YOUR HEALTH OUR MISSION
समर्पण से सेवा तक... हर कदम आपके स्वास्थ्य के नाम
डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएँ।




डॉ. सनी सिंह पसरीजा
MBBS, MS, FMAS, FIAGES, Laparoscopy & Laser Surgeon
डॉ. इशप्रीत कौर पसरीजा
MS Obs & Gynaecologist, Infertility Specialist
डॉ. अरुणभ मुखर्जी
MBBS, MD, Intensivist
डॉ. नील सिंह पसरीजा
MS Orthopedic, F.MISS, Trauma & Spine Surgeon
आयुष्मान भारत के द्वारा निःशुल्क ईलाज की सुविधा | 24x7 एमरजेंसी सुविधा उपलब्ध | सभी सरकारी कर्मचारियों का निःशुल्क ईलाज
वाल्टेयर रेलवे लाईन के सामने, फाफाडीह रायपुर
संपर्क - 0771-4069292, 98261-44442

Since 1995
Dr. BAGRECHA'S CLINIC
SKIN • HAIR • OBESITY • PHYSIO • HOMEO
PHYSIOTHERAPY (Pain Management)

फिजियोथेरेपी क्या है -
यह एक अत्याधुनिक भौतिक चिकित्सा है, जिसमें माँसपेशियों व हड्डीयों नसों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का बिना दवा के व्यायाम/Exercises अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज बहुत कम समय में किया जाता है।



1 जुलाई 2024 Docter's Day पर आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री जी के करकमलो द्वारा SUSHRUTA AWARD प्राप्त हुआ

NERVES RELATED PROBLEM
- Paralysis (लकवा)
- Neuropathy (झुनझुनी/सुत्र पड़ना)
- Bels Palsy (चेहरे का लकवा)
- Vertigo (चक्कर आना)
- Parkinson's Disease
- Wrist/Foot Drop
- Cerebaral Palay

DR. NAVEEN BAGRECHA
BPT, DHMS, DI HOM (LONDON)
(EX. HONY PHYSIOTHERAPIST TO GOVERNOR OF C.G.)

BONES RELATED PROBLEM
- Arthritis (सभी प्रकार के जोड़ दर्द)
- Cervical & Lumbar Spondylosis
- Frozen Shoulder (कंधा जाम होना)
- Calcaneal Spur (एड़ी की हड्डी बढ़ना)
- Prolaspe Disc (स्लिप डिस्क)
- Tennis Elbow
- फ्रेक्चर/प्लास्टर उपरांत जकड़न

WHY ONLY BAGRECHA PHYSIOTHERAPY CLINIC
- 31 Years of Experience
- Expertise staff
- Personalised Treatment by ultra modern machine

Since 1995
Dr. BAGRECHA'S CLINIC
SKIN • HAIR • OBESITY • PHYSIO • HOMEO
COSMETOLOGY (Non-Surgical)

Face & Bust Lifting
यह मशीन आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा है व डेड सेल्स को एक्टिव करता है। इससे चेहरे की झाईयों को दूर किया जाता है और Bust (स्तन) का Lifting, Enhacement & Reduction (बिना सर्जरी) के किया जाता है।



Skin Rejuvenation
Newly Launched Laser (Us approved Machine) द्वारा
- Hollywood Facial
- Hydra Facial
- Tattoo Removal
- Under Eye Dark Circle
- D.Tan/Instant Glow
- Skin Rejuvenate
- Face Lifting

Laser for Skin & Permanent Hair Removal



लेसर द्वारा निकली हुई अल्ट्रारेज़ हेयर ग्रोथ को नष्ट करती है जिससे दोबारा उस जगह पर बाल की ग्रोथ रुक जाती है।

मोटापे को कम करने के लिए
US Approved - Ultrasound Lipolysis
इस तकनीक से एक्स्ट्रा फेट को उपर से निचली सतह तक हाई फ्रीक्वेंसी वेव से फैट को मेल्ट/पिघलता जाता है। इन मशीनों द्वारा शरीर के किसी भी हिस्से का फैट कम किया जाता है। इसे 2 से 5 इंस व 3 से 6 किलो तक मोटापा हर जगह से कम किया जा सकता है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है।



DR. RISHA BAGRECHA
DHMS, CCH (BOM.)
(HOMOEA. & CERTI. COSMETOLOGIST)

DR. BAGRECHA'S CLINIC
INDRALOK APARTMENT, NEAR MOTIBAGH CHOWK, RAJBHAWAN RAOD, RAIPUR (C.G.)
PH: 0771-4025707, 7880119707, 98261-59697

## विश्व डॉक्टर डे आज

# गांव में गंभीर बीमारियों से ग्रामीणों को बचाने लगा रहे निशुल्क कैंप

विदेश छोड़ कैंसर मरीजों के लिए चुना छत्तीसगढ़



**रायपुर।** एक सच्चे डॉक्टर के लिए मरीजों की सेवा और उनका स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है, कई बार यह जिम्मेदारी परिवार से भी बढ़कर हो जाती है। इसी भावना को चरितार्थ कर रहे हैं शहर के जनरल फिजिशियन डॉ. प्रियांशु शर्मा, जो बीते 10 वर्षों से एक निजी अस्पताल में सेवाएं देने के साथ-साथ गांवों में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगा रहे हैं। डॉ. शर्मा बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में लोग शारीरिक कष्ट होने के बावजूद काम करना नहीं छोड़ते और उनकी यही लापरवाही बाद में भारी पड़ जाती है।शुरुआत में जब उन्होंने अपने मित्रों के साथ गांवों में कैंप लगाना शुरू किया, तो ग्रामीणों को लगा कि वे अपने निजी लाभ या अस्पताल के प्रचार के लिए ऐसा कर रहे हैं। लेकिन, जब निशुल्क इलाज से लोग स्वस्थ होने लगे, तो उनका विश्वास बढ़ता गया और वे भारी संख्या में जुड़ने लगे। अब डॉ. प्रियांशु बारिश के मौसम में पंचायत की मदद से धरसींवा, कुम्हारी, राखी, अभनपुर और टेकारी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित कैंप लगाते हैं।

### गंभीर बीमारियों से बचाने का रहता है प्रयास

इन स्वास्थ्य कैंपों में मशीनों के जरिए ग्रामीणों की मेडिकल जांच की जाती है और उन्हें गंभीर बीमारियों के प्रारंभिक लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाता है। डॉ. प्रियांशु शर्मा के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में शुगर, बीपी, किडनी और आंखों की समस्याएं सबसे अधिक देखने को मिलती हैं। लोग अक्सर मामूली लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो भविष्य में जानलेवा साबित हो सकते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को गंभीर रोगों से बचाना है।

### लंदन से ली विशेषज्ञता, लेकिन कर्मभूमि चुनी छत्तीसगढ़

कुछ वर्षों पहले तक जब भी हेड और नेक के कैंसर, जबड़े की गंभीर बीमारी या चेहरे की जटिल सर्जरी की बात आती थी, तो छत्तीसगढ़ के मरीजों के सामने दिल्ली या मुंबई जैसे महानगरों की ओर भागने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होता था। बीमारी के दर्द के साथ-साथ



महानगरों का खर्चीला सफर मरीजों और उनके परिजनों के लिए मानसिक रूप से भी बेहद थका देने वाला होता था। लेकिन अब प्रदेश की यह तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है। गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. सनी सिकरवार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में भी अब विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूद हैं। डॉ. सनी सिकरवार मैक्सिलोफेशियल और कैंसर सर्जन के रूप में अपनी विशेषज्ञता को निखारने के लिए लंदन जाकर एडवांस्ड ट्रेनिंग उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त की। लंदन में अंतरराष्ट्रीय स्तर का चिकित्सा कौशल हासिल करने के बाद उनके पास विदेशों या देश के बड़े महानगरों में एक आलीशान और आरामदेह करियर बनाने के कई सुनहरे अवसर थे। लेकिन उन्होंने उस चकाचौंध को छोड़कर अपने प्रदेश को चुना। उनका मानना था कि उनके ज्ञान और कौशल की सबसे ज्यादा जरूरत उनके अपने राज्य छत्तीसगढ़ को है, ताकि यहां के लोगों को जटिल और उन्नत सर्जरी के लिए मीलों दूर न भटकना पड़े।

# डाकघरों में तब महिला डाकिया नहीं, कर्मचारी होती थीं सेवाओं में बदलाव के बाद भी लोगों का भरोसा अडिग

दुनियाभर में 1 जुलाई को डाक कर्मचारी दिवस पर उनकी कड़ी मेहनत और सेवाभाव से दी जाने वाली सुविधाओं के लिए याद किया जाता है। इस विशेष दिन को खास बनाने और सेवाओं में हुए बदलाव को लेकर हरिभूमि ने उन रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों से बात की तो कई रोचक जानकारियां सामने आईं। कर्मचारियों ने बताया कि डाकघरों में तब महिला डाकिया नहीं, कर्मचारी होती थीं, जो कार्यालय से जुड़े कार्यों में सहभागिता निभाती थीं। सेवाओं में कई बदलावों के बाद भी डाक विभाग के प्रति लोगों का भरोसा अडिग है।


*अंतर्राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पर विशेष : रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों ने साझा की उस दौर की यादें*






**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस, सभी डाक कर्मियों, डिलीवरी एजेंटों की कड़ी मेहनत की सराहना और सम्मान का दिन है। जो हर मौसम में लोगों तक चिट्ठियां और पार्सल पहुंचाते हैं। इसकी शुरुआत साल 1997 में अमेरिका के सिएटल शहर के डाक कर्मचारियों द्वारा की गई थी। अपने साथी कर्मचारियों की निष्ठा और योगदान को सम्मान देने के लिए इस दिन की शुरुआत उन्होंने की थी। हालांकि शुरुआत स्थानीय स्तर पर हुई, लेकिन अब दुनिया भर में लोग डाक सेवा देने वालों के योगदान के लिए इस दिन आभार व्यक्त करते हैं।डाक विभाग से रिटायर्ड कई कर्मचारियों और अधिकारियों से जब बात की गई, तो उन्होंने पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया, सेवा के दौरान काउंटर पर आने वाले सजग ग्राहक इस दिन थैंक्स करते और अपनी भावनाएं भी व्यक्त करते थे। अभी भी कुछ ग्राहक बधाई देते हैं।

### चटाई पर बैठकर काम करते थे कर्मचारी



यह जानकारी देते हुए डाक विभाग से सेवानिवृत्त हुए जीआर निषाद ने पुरानी यादे साझा करते हुए बताया कि डाक सेवा के प्रति ग्राहकों के अडिंग विश्वास और विभाग से लगाव को सेवा में रहते हुए महसुस किया। बुधवार को दुनियाभर में इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। जब करीब तीन साल पहले कैश काउंटर संभालता था, तब लोग पेंशन सहित कई तरह के काम लेकर आते थे। मैने रजिस्टर और फाइलों के दौर से कम्प्यूटर की दस्तक को देखा। हमने चटाई पर बैठकर विभाग के जरूरी काम किए। इसके बाद कुर्सी-टेबल और सुविधा का क्रम चला। पहले छोटे-छोटे कार्यालयों में विभाग के काम-काज होते थे, फिर सुविधाएं बढ़ी और अब संसाधन बढ़ गए हैं।

### तब करीब 40 महिला कर्मचारी होती थीं



रायपुर में रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिसिटी परिसर स्थित डाकघर से सेवा शुरू करने वाली प्रमिला धुर्वे ने बताया कि भले ही समय के साथ विभाग ने कई बदलाव किए। कुछ पुरानी सेवाएं बंद हुईं और आधुनिक तकनीक से लैस व्यवस्था ने अब संचार क्राति का रूप लिया है।लेकिन जिस दौर में मै सेवा से जुड़ी, उन दिनों रायपुर में करीब 40 महिला कर्मचारी होती थी। संसाधन का अभाव होता था, जमीन पर बैठकर डाक सेवा से जुड़े सभी काम किए जाते थे। अब महिलाएं डाकिया के रूप में भी सेवा देने लगी हैं। पहले आने-जाने का साधन सीमित था, तब साइकिल से लोगों के घर तक डाक पहुंचाने का काम किया जाता था, जो आधुनिक दौर में भी कायम है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 3 जुलाई को आयोजन

# जेसीआई वामा कैपिटल ने शुरू की नारी संगम-3 की तैयारी

**रायपुर।** नारी संगम सीजन–3 की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। मंगलवार को इस संबंध में वृहद समन्वय बैठक आयोजित की गई। भव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की हुई। साथ में सभी टीमों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। बैठक में इंटरनेशनल प्राइम ट्रेनर राजेश अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है। प्रेसिडेंट धृति, फाउंडर प्रेसिडेंट लीना वाढेर, चैप्टर कन्वेनर रूपाली दुबे, चैप्टर इंचार्ज आंचल पंजवानी, को-ऑर्डिनेटर जया अरोड़ा, रूमा पटेल, शीतल उपाध्याय, मीता जैन एवं आस्था बाफना के नेतृत्व में टीमों के सदस्य समर्पित भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।



### इस सीजन में दिए जाएंगे कई अवार्ड और पुरस्कार

3 जुलाई की शाम 4 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शुरू होने वाले इस आयोजन के लिए जेसीआई वामा कैपिटल की टीम पूरी तरह से तैयार है। इस बार नारी संगम में लगभग 300 संस्थाओं से 2000 महिलाओं के शामिल होने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस सीजन का हिस्सा बनने के लिए रायपुर के साथ कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, कुम्हारी से संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेसअप अवॉर्ड, बेस्ट थीम अवॉर्ड एवं ओल्डेस्ट ऑर्गेनाइजेशन सम्मान प्रदान किए जाएंगे। साथ ही चयनित संस्थाओं का सम्मान, रायपुर के बाहर से आई संस्थाओं का विशेष सम्मान एवं लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा

# सोमवती पूनम पर दादाबाड़ी में पूजा करने जुटा जैन समाज

**रायपुर।** सोमवती पूनम के अवसर पर खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा भक्तिभाव से की गई। जैन धर्म में चारों दादागुरुओं की कृपा रही है। विशेष रूप से तृतीय दादागुरु जिनकुशल सूरी तो प्रकट प्रभावी दादा है। जो भी इनकी मन से पूजा करता है, उसे मनवांछित फल निश्चित ही प्राप्त होता है। सोमवती पूनम के दिन दादागुरुदेव के दर्शन व भक्ति विशेष फलदायक मानी गई है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े 9 बजे दादाबाड़ी में भक्तों की भीड़ रही। पूजा का शुभारंभ मंत्र नवकार हमें है प्राणों से प्यारा जैसे भजन से करते हुए स्थापना का विधान नारियल, अक्षत के साथ मंत्रोच्चार करते हुए किया गया।



### गुरु प्रतिख सुरतरु रूप सुगुरु सैम दूजो तो नहीं...

प्रथम नवहन जलाभिषेक का विधान गुरु प्रतिख सुरतरु रूप सुगुरु सैम दूजो तो नहीं...गायन के साथ संगमरमर की कलात्मक छतरी में विराजित मूर्तियों को पवित्र जल से अभिषेक करते हुए विधि-विधान से जल पूजा की गई। सुप्रसिद्ध गायक वर्द्धमान चोपड़ा व दीप्ति बैद, विनोद दुग्गड़ ने भक्तिपूर्ण भजनों की अविरल धारा प्रवाहित करते हुए कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी मोको सबल भरोसो तेरो चंद्रसूरी पट्टधारी से..., दादागुरुदेव का गुणानुवाद किया। इसके बाद चंदन, धूप, दीपक, अक्षत पुष्प, नैवेद्य, फल अर्पण करते हुए दादागुरुदेव की अष्ठ प्रकारी पूजा का विधान किया।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द ओडिसी' में 'मेमेंटो' की तरह लिए हैं कई जोखिम, बोले- सेफ खेलना रिस्क

क्रिस्टोफर नोलन इन दिनों आगामी फिल्म 'द ओडिसी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म अगले महीने रिलीज होगी। नोलन का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म में कई क्रिएटिव रिस्क लिए हैं। हॉलीवुड के नामी निर्माता क्रिस्टोफर नोलन का कहना है कि फिल्म 'द ओडिसी' में उन्होंने अपनी साल 2000 में आई फिल्म 'मेमेंटो' की तरह कई क्रिएटिव रिस्क लिए हैं। साथ ही दर्शकों पर यह भरोसा जताया है कि उन्हें यह पसंद आएगा। क्रिस्टोफर नोलन का कहना है कि मेनस्ट्रीम फिल्मों में ज्यादा क्रिएटिव रिस्क लेने चाहिए। दर्शक सुरक्षित और फॉर्मूले पर आधारित ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बजाय ओरिजिनल आइडिया वाली फिल्में देखना चाहते हैं।



'डेडलाइन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, नोलन ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री अक्सर बोल्ड कहानी दिखाने से बचती है और ऐसा करके वह दर्शकों को कम आंकती है। इस रिपोर्ट में 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के साथ नोलन के इंटरव्यू का जिक्र है। क्रिस्टोफर नोलन ने कहा, 'अगर आपको फिल्मों और उनके इतिहास में सच में दिलचस्पी है, तो एक बात जो साफतौर पर दिखती है, वह यह है कि सफल होने के लिए रिस्क लेना पड़ता है। सबसे बड़ा रिस्क तो 'सेफ' खेलना है'। उन्होंने आगे कहा, 'मेनस्ट्रीम फिल्मों में यही तरीका लगातार काम नहीं करता है। दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं'।

ऑस्कर जीतने वाले डायरेक्टर ने अपनी साल 2000 की हिट फिल्म 'मेमेंटो' के बारे में बात करते हुए अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और प्रोड्यूसर एम्मा थॉमस को फिल्म की कहानी (स्क्रीनप्ले) सुनाई थी। एम्मा को स्क्रिप्ट तो पसंद आई, लेकिन उन्हें इसके अनोखे स्ट्रक्चर को लेकर चिंता थी। नोलन ने कहा, 'उन्हें स्क्रिप्ट अच्छी लगी, लेकिन उन्हें लगा कि कहानी को उल्टे क्रम (रिवर्स क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर) में सुनाना रिस्क था। वहीं, नोलन को भरोसा था कि फिल्म की अनोखी कहानी कहने का तरीका ही आखिर में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### टॉलीवुड

## 'शिव के पुत्र, पार्वती के गौरव' का ऐलान किया जूनियर एनटीआर ने



जूनियर एनटीआर की नई फिल्म का एलान हो गया है। यह पौराणिक फिल्म है। इसमें अभिनेता नामी निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ काम करेंगे। जूनियर एनटीआर और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास एक माइथोलॉजिकल ड्रामा पेश करने जा रहे हैं। ऐसी अटकलें महीनों से चल रही थीं। अब इनकी पुष्टि भी हो गई है। पोस्टर रिलीज के साथ फिल्म का उन्होंने आधिकारिक एलान कर दिया गया है। बता दें कि जूनियर एनटीआर के इस प्रोजेक्ट पर महीनों से अटकलें थीं, जो अब खत्म हुईं। फिल्म का एलान कर दिया गया है। मगर, टाइटल सामने नहीं आया है। फिल्म का निर्माण बड़े स्तर पर होगा। जूनियर एनटीआर की यह फिल्म भगवान कार्तिकेय (मुरुगन) पर आधारित बताई जा रही है। कार्तिकेय को हिंदू धर्म में ज्ञान और विजय के देवता माना जाता है। सामने आए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'शिव के पुत्र। पार्वती का गौरव। हमेशा रहने वाले सेनापति। एक बार फिर त्रिविक्रम के साथ। पोस्टर पर त्रिशूल बना हुआ है। किसी किरदार की झलक पोस्टर में साझा नहीं की गई है। पोस्टर में युद्ध से बर्बाद और आग की लपटों से घिरा एक नजारा दिख रहा है, जिसके बीचों-बीच एक विशाल त्रिशूल है। विजुअल डिटेल और कैप्शन से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म भगवान मुरुगन (कार्तिकेय) पर आधारित है। मेकर्स ने अभी तक इस प्रोजेक्ट की कहानी या इससे जुड़ी पौराणिक प्रेरणा के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। बता दें कि जूनियर एनटीआर और त्रिविक्रम दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने साल 2018 में आई फिल्म 'अरविंदा समेथा वीरा राघव' में काम किया था। जूनियर एनटीआर की नई फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत होगा। मेकर्स ने अभी ज्यादा डिटेल्स साझा नहीं की हैं। फिलहाल, पोस्टर देखकर एनटीआर के फैंस उत्साहित हैं।

### भोजपुरी

## क्वालिटी टाइम बिताती दिखीं मोनालिसा, शेयर कीं फोटोज



भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा खास अंदाज में वीकएंड एंजॉय करती दिखीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी झलक साझा की है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। वे ब्लू कलर की बोल्ड ड्रेस में स्टनिंग पोज देती दिख रही हैं। ये फोटोज पुणे में एंबी वैली सिटी की हैं। फैंस फायर इमोजी और हार्ट इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। भोजपुरी क्वीन का हसीन अंदाज देख नेटिजंस तारीफों में कमेंट कर रहे हैं। उनके लुक, फिटनेस और खूबसूरती की सराहना कर रहे हैं।

मोनालिसा के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वे अपने किरदार 'वसंतसेना' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह किरदार वे अपने नए शो में निभा रही हैं। मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस हैं। उनका रियल नाम अंतरा बिस्वास है। हालांकि, फिल्म जगत में वे मोनालिसा नाम से फेमस हैं।

### लंबाई का फैशन

कद लंबा दिखाना हो तो ज्यादातर डिजाइनर घुटने और टखने के नीचे तक आने वाली लंबी मिडी-लेंथ ड्रेस को प्राथमिकता देते हैं। ये मैक्सी ड्रेस जैसी शालीनता के साथ-साथ हवादार और मॉडर्न लुक भी देती हैं। आजकल ड्रॉप-वेस्ट, प्लीटेड स्कर्ट और हवादार लिनन या कॉटन ब्लेंड वाले ड्रेस ट्रेंड में हैं।



लाइफ स्टाइल

## टैनिंग को साफ करने का घरेलू उपाय जानें

अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।

### काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

### गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।

### बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे


बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

### काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।



## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने शोल्डर पर बनवाएं खास डिजाइंस





अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।



### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।



### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

### चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन

अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।

### हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल

अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।



### ज्वेलरी साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान

सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।


अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

## लिपस्टिक के शेड्स देंगे आकर्षक लुक, वैनिटी में इन्हें करें शामिल

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें। रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं। कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रोनक बढ़ा सकती हैं।

### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा। अगर आप रोजाना से अलग कुछ ट्राई करना चाहती हैं तो ब्राउन फैमिली के इस कलर यानि जिंजरब्रेड कलर की लिपस्टिक को होंठों पर लगा सकती हैं। यह कलर खासकर मीडियम से लेकर डार्क स्किन टोन पर बेहद खूबसूरत नजर आता है।



कार्नर न्यूज

### फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल करें किचन इंग्रीडिएंट्स

## स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी, किचन इंग्रीडिएंट्स आएंगे काम

जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकती हैं।

अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं। ये आपकी स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट कर सकती हैं।

ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।



### स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर

विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा। आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

### फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल

अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं। इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

### दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन

अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं। आप कच्चे दूध और ओट्स पाउडर को मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं जिससे आपकी स्किन एक्सफोलिएट हो सके।

### दही से करें स्किन एक्सफोलिएशन और क्लींजिंग

लैक्टिक एसिड से भरपूर दही आपके बहुत काम आ सकता है। दही का इस्तेमाल कर आप स्किन को साफ भी कर सकती हैं और इससे स्किन में ब्राइटनेस भी आ सकती है। दही को सीधे ही अपनी स्किन पर घिसा जा सकता है ।

